तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 28.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 17 जून 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



मंगलवार को सरकंडा चौक पर घंटों लगा रहा जाम।

(बिलासपुर) प्रवेश प्रारंभ (बिलासपुर)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: लोधीपारा पुराना सरकंडा (कोनी रोड) बिलासपुर
मो. 9203905369, 9203914564, 9203914561

# 22 करोड़ की सड़क और 21 करोड़ की एसटीपी अधूरी, ठेका कंपनी पर साढ़े तीन करोड़ की पेनाल्टी, जुर्माना जमा नहीं किया, काम बंद

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा ताल के सामने 22 करोड़ रुपए में स्मार्ट सिटी की ओर से 1900 किमी की सड़क और नाला निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही 21 करोड़ रुपए में दो एसटीपी भी बनाई जा रही है। दोनों काम दो साल से अधूरे पड़े हैं। लापरवाही पर निगम ने सड़क पर 6 प्रतिशत के हिसाब से एक करोड़ 22 लाख और एसटीपी पर 10 प्रतिशत के हिसाब से दो करोड़ 10 लाख की पेनाल्टी लगाई है। इसमें भी लेकिन खास बात है कि ठेका कंपनी इस पेनाल्टी को जमा ही नहीं कर रही है और काम लगभग बंद कर दिया गया है। अब ना सड़क बन रही ना एसटीपी। काम जस का तस पड़ा है।

इधर निगम ने फिर से चेतावनी दी है कि 30 जून तक काम पूरा नहीं किया गया तो पेनाल्टी की राशि दोगुनी कर दी जाएगी। हालांकि काम की गति और स्थिति को देखते हुए यह असंभव ही है। साथ ही यह सड़क क्यों बन रही है इसका कोई जवाब किसी के पास नहीं है। कभी रिवर व्यू और चौपाटी की बात कही जाती है तो कभी एसटीपी निरीक्षण का हवाला अधिकारियों द्वारा दिया जाता है। कारण कोई भी हो लेकिन पिछले दो सालों से चल रहा यह काम अधूरा है। इस दौरान एक कंपनी काम छोड़कर भाग गई तो दूसरी कंपनी से काम कराया जा रहा है।

■ एक कंपनी काम छोड़कर भाग गई तो दूसरी कंपनी से काम कराया जा रहा, काम की गति एकदम सुस्ती से

देखा जाए तो स्मार्ट सिटी की राशि का सही उपयोग बिलासपुर में कम ही हो सका है। शहर के मध्य एरिया के लिए बनाए गए प्रोजेक्ट पर कम राशि खर्च की गई तो बाहरी क्षेत्र में नए प्रोजेक्ट बनाते हुए उसका उपयोग किया जाने लगा। कोनी में भी यही हो रहा है। दरअसल स्मार्ट सिटी द्वार 30 करोड़ की लागत से मंगला में 2 और कोनी व जवाली नाला पर 1-1 एसटीपी का निर्माण किया जा रहा है। दावा था कि मार्च 2025 तक इसके पूर्ण हो जाने पर इसके जरिए 25 एमएलडी गंदे पानी का ट्रीटमेंट किया जाएगा। एक साल बाद भी काम अधूरा पड़ा है।

## निगम ने फिर से दी चेतावनी

■ 30 जून तक काम पूरा नहीं करने पर पेनाल्टी की राशि दोगुनी हो जाएगी



### दो साल में ना सड़क बनी ना रिटेनिंग वाल

कोनी में जो एसटीपी बना है उसमें बिरकोना, सेंट्रल यूनिवर्सिटी और आसपास के नाले से होकर नदी में पहुंचने वाले गंदे पानी को उपचारित किया जाना है। इसके लिए 1900 मीटर की सड़क बनाई जा रही है। इसके साथ ही एक तरफ नाली और नदी की तरफ रिटेनिंग वाल बन रहा है, जिससे की नदी का पानी सड़क तक नहीं पहुंचे। इसका काम अक्टूबर 2022 में शुरू हुआ था जो अभी तक अधूरा है। नाली का काम 700 मीटर हो सका है तो रिटेनिंग वाल करीब 1100 मीटर तक ही बन सकी है। सड़क 1700 मीटर तक तो बन चुकी है लेकिन इसका डामरीकरण और दूसरे काम बाकी है।

### मौके पर मिले सिर्फ चार मजदूर

हरिभूमि की टीम मंगलवार को मौके पर पहुंची तो काम कछुआ गति से चलता पाया गया। इतने बड़े काम के लिए सिर्फ 4 मजदूर काम करते दिखाई दिए। एक मजदूर ने बताया कि जिस गणपति कंस्ट्रक्शन कंपनी को इसका काम मिला है उसके कई और प्रोजेक्ट शहर के साथ प्रदेश में चल रहे हैं। इसलिए मैन पावर कई महीनों से कम ही है। कभी भी तीन चार मजदूर से अधिक नहीं रहते। मजदूरों ने बताया कि महीनों से निर्माण सामग्री की कमी भी रहती है, इसलिए काम में देरी हो रही है। अधिकारी भी कम ही आते हैं ऐसे में प्रोजेक्ट लेट तो होगा ही।

### असामाजिक तत्वों का अड्डा सामान हो रहे चोरी

फिलहाल यह पूरा एरिया असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है। शाम ढलते ही मजदूरों का काम करना मुश्किल हो जाता है। शराबखोरी, जुआ सट्टा होता है तो यह लोग पत्थर भी मारते हैं। इससे मजदूर घायल भी हो चुके हैं। हाल यह है कि शाम 4 बजे के बाद काम बंद करना पड़ता है। इसके बाद यह असामाजिक तत्व सीमेंट, गिट्टी और लोहे के सामानों की चोरी करके ले जाते हैं। मजदूरों के साथ ही सुपरवाइजर ने इसकी शिकायत भी की है लेकिन ना तो पुलिस और ना ही स्मार्ट सिटी के अधिकारी इस तरफ ध्यान दे रहे हैं।

### काम पूरा करने अल्टीमेटम

अरपा में बन रहे चार एसटीपी से नदी के निगम एरिया में पहुंचने वाले करीब 70-80 फीसदी गंदे पानी की सफाई की जा सकेगी। इसके लिए ही सड़क, रिटेनिंग वाल और नाला बन रहा है। काम में देरी पर ठेका कंपनी पर पेनाल्टी लगाई गई है। चेतावनी दी गई है कि 30 जून तक काम पूरा नहीं किया गया तो पेनाल्टी की राशि दोगुनी कर दी जाएगी।

- प्रकाश कुमार सर्वे, निगम कमिश्नर

## खबर संक्षेप

### दो तेंदुए के आपसी संघर्ष में एक की मौत, दूसरा घायल



**बिलासपुर**। शाम को लोरमी वन परिक्षेत्र के जंगल में दो तेंदुए के आपसी संघर्ष में एक की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार मुंगेली वन मंडल के लोरमी वन परिक्षेत्र में चन्दूपारा के कश क्रमांक 1529 में शाम 7 से 8 बजे के बीच आपसी संघर्ष हुआ, जिसके कारण एक तेंदुए की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही मुंगेली वन मंडल की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मृत तेंदुए का शव हटाया। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुंगेली वन मंडल के डीएफओ अभिनव कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में किसी भी तरह के शिकार की आशंका नहीं है। तेंदुए के नाखून और दांत सही सलामत हैं। वही जंगल में आसपास दूसरे तेंदुए के कहराने की आवाज आ रही है, जिसकी खोजबीन शुरू कर दी गई है। फिलहाल बुधवार को मृत तेंदुए का पोस्टमार्टम तीन डाक्टरों की टीम करेगी।

### एएसआई, प्रधान आरक्षक को एसएसपी ने फटकारा

**बिलासपुर**। सरप्राइज चेकिंग पर निकले एसएसपी ने वाहन चेकिंग करना छोड़कर सड़क किनारे बैठकर गप्पे मार रहे एएसआई व प्रधान आरक्षक को पकड़ लिया। उन्होंने दोनों को जमकर फटकार लगाई। 15 जून को एसएसपी रजनेश सिंह ने शहर के सभी थानेदारों को अपने अपने क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले व ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया गया था। रात 9 बजे एसएसपी श्री सिंह बंगला से शहर में चल रहे वाहन चेकिंग की सरप्राइज चेकिंग करने के लिए शहर में निकले। उनकी गाड़ी राजीव गांधी चौक में पहुंची तो वह हैरान हो गए। चौक में सन्नाटा पसरा हुआ था और वाहन चेकिंग करने के लिए कोई भी पुलिसकर्मी चौक में नजर नहीं आए। सड़क किनारे सिविल लाइन थाना के एएसआई मनोज यादव, प्रधान आरक्षक देवमुन पुहूप गप्पे मारते बैठे हुए थे। उन्होंने गनमैन को भेजकर दोनों अपने पास बुलाया और वाहन चेकिंग में घोर लापरवाही बरतने पर जमकर फटकार लगाई। उन्होंने अगली बार वाहन चेकिंग के दौरान लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

### दो एसआई सहित पांच पुलिसकर्मियों का तबादला

**बिलासपुर**। एसएसपी श्री सिंह ने एसआई शीतला प्रसाद त्रिपाठी का पुलिस लाइन से मुख्य मंत्री हेल्पलाइन 1076 पोर्टल पुलिस अधीक्षक कार्यालय, हेमंत सिंह का सिविल लाइन से मुख्य मंत्री हेल्पलाइन 1076 पोर्टल पुलिस अधीक्षक कार्यालय, एएसआई धीरेन्द्र तिवारी का पुलिस लाइन से शिकायत शाखा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, आरक्षक मोह. जाफर खान का पुलिस लाइन से डायल 112 डीपीसीआर, दूजराम पटेल का डायल 112 डीपीसीआर से मुख्य मंत्री हेल्पलाइन 1076 पोर्टल पुलिस अधीक्षक कार्यालय तबादला किया गया है।

## व्यवस्था बनाने में दिन बीत गया : कई जगहों पर पानी की व्यवस्था नहीं

# पहले दिन सिर्फ 5-6 बच्चे पहुंचे, 100 से अधिक स्कूलों में नहीं मना प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकारी स्कूल टपकती छतों, टूटी बेंच और गंदगी के बीच सोमवार 16 जून से खुल गए। 100 से अधिक स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव नहीं मना क्योंकि बच्चों की संख्या इक्का-दुक्का या 4-5 तक ही रही। गर्मी कारण बच्चे पहुंचे ही नहीं। इसके साथ ही पहले ही दिन हजार छात्रों को बरामदे, सामुदायिक भवन और अतिरिक्त कक्षाओं में पढ़ने की मजबूरी रही। दरअसल जिले के 222 खराब स्कूलों की मरम्मत के लिए जिला प्रशासन ने डीएम फंड से 6 करोड़ 69 लाख 34 हजार स्वीकृत किया था। इन स्कूलों में 44 हजार 400 से अधिक छात्र पढ़ते हैं। इन स्कूलों की समय रहते मरम्मत नहीं की गई और अब छात्रों को परेशान होना पड़ रहा है।

■ सरकारी स्कूल टपकती छतों, टूटी बेंच और गंदगी के बीच सोमवार 16 जून से खुल गए

खास खबर

जिले में अव्यवस्था के बीच शिक्षा का नया सत्र शुरू किया गया। 200 से अधिक स्कूल खस्ताहाल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। कहीं बारिश का पानी छतों से टपक रहा है,तो कही डेस्क बेंच टूटे पड़े हैं। बावजूद इसके आज कक्षाएं शुरू कर दी गई। यही वजह रही कि अधिकतर स्कूलों में व्यवस्था बनाने में ही पहला दिन बीत गया। कई स्कूल खाली रहे तो इक्का-दुक्का छात्र पहुंचे। कहीं इनकी संख्या 4-5 ही रही। ध्यान रहे कि मौजूदा वक्त में जिले में 223 हायर सेकंडरी और 1114 प्राथमिक स्कूल हैं। पहले दिन कुछ स्कूलों का जायजा लिया गया तो पता चला कि कहीं स्कूल का दरवाजा खराब है तो कहीं खिड़की। कुछ जगहों पर फर्श पूरी तरह से खराब हो चुका है। कुछ जगहों की हालत यह कि शिक्षकों के बैठने के लिए बनाए गए स्टाफ रूम भी बदतर हैं। कई जगहों पर पानी की व्यवस्था नहीं होने से शौचालय बंद हैं। भवनों की हालत खराब होने के कारण अधिकांश जगहों पर दो कमरों में पांच कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।










### राशि की मांग

स्कूल खुलने से पहले ही सभी ब्लाक के बीईओ, एबीईओ, संकुल समन्वयकों के साथ ही दूसरे अधिकारियों के साथ बैठक की गई जर्जर स्कूलों के बार में कलेक्टर से चर्चा की गई है। व्यवस्था बनाई जा रही है, जिससे बच्चों को परेशानी ना हो। डीएमएफ से राशि की मांग की गई है।

- रामेश्वर जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी

### 43 से अधिक भवन ढहाने लायक

जिले में 1856 स्कूल सरकारी स्कूल संचालित हैं, जिसमें प्राइमरी, मिडिल, हाईस्कूल और हायर सेकेंड्री स्कूल शामिल है। इसमें से 222 स्कूल काफी जर्जर हैं, वहीं 43 से अधिक स्कूल भवनों को पूरी तरह नया बनाने की जरूरत है। इन भवनों की हालत इतनी खराब है कि दीवारें कभी भी गिर सकती हैं। ऐसे भवनों के डिस्मेंटल कराने के लिए प्रशासन को पत्र भी लिखा जा चुका हैं। इनके स्थान पर नए भवन बनाने की मांग की गई है। यहां पढ़ाई कराने वाले शिक्षकों का कहना है कि स्कूलों में रिपेयरिंग के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है, जिसके कारण सालभर बाद प्लास्टर गिरने लगाता है।

### लालखदान स्कूल में पहुंचे 6 बच्चे

लालखदान प्राथमिक स्कूल में सिर्फ 6 बच्चे पहुंचे जबकि दर्ज संख्या 54 है। खास बात रही कि पहली कक्षा में एक भी एडमिशन नहीं हो सका है। स्कूल की शिक्षिका मनोरमा देवांगन ने बताया कि बच्चों के नहीं पहुंचने के कारण शाला प्रवेशोत्सव नहीं मनाया जा सका। जब बच्चे आएंगे तो कार्यक्रम होगा। स्कूल भवन फिलहाल जर्जर है। नया भवन बन गया है लेकिन जाने का रास्ता नहीं है। इसके अलावा कोटा ब्लाक का प्राथमिक शाला रानीसागर औ प्राथमिक शाला केन्दा में स्कूल भवन जर्जर है इसलिए दोनों स्कूल की कक्षाएं प्रधानपाठक के कमरे में लगीं। प्राथमिक शाला सीस और प्राथमिक शाला मिनीपारा करवा के बच्चों की पढ़ाई बरामदे में हुई।

# पहले ही दिन सवालों के घेरे में वीएसके एप

## गोल-गोल घूमते रहे शिक्षक



स्कूल खुलते ही हजारों शिक्षक उपस्थिति दर्ज कराने के लिए मोबाइल लेकर बैठ गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षकों की निगरानी और उपस्थिति को डिजिटल बनाने के उद्देश्य से लागू किया गया वीएसके (विद्या समीक्षा केंद्र) ऐप पहले ही दिन सवालों के घेरे में आ गया है। जिस व्यवस्था को शिक्षा विभाग ने सख्ती के साथ लागू किया और उपस्थिति दर्ज नहीं होने पर वेतन रोकने तक की चेतावनी दे दी, वही व्यवस्था मंगलवार को जिले में लड़खड़ाती नजर आई।

सुबह स्कूल खुलते ही हजारों शिक्षक उपस्थिति दर्ज कराने के लिए मोबाइल लेकर बैठ गए, लेकिन कहीं सर्वर ने जवाब दे दिया तो कहीं ऐप ने। कई जगहों पर शिक्षक स्कूल पहुंच गए, लेकिन उनकी मौजूदगी सिस्टम में दर्ज नहीं हो सकी। इससे शिक्षकों में नाराजगी और असमंजस की स्थिति बन गई।

शिक्षकों का आरोप है कि विभाग ने ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर सख्त आदेश तो जारी कर दिया, लेकिन जमीनी स्तर पर जरूरी तकनीकी तैयारियां नहीं की गईं। दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट नेटवर्क की स्थिति पहले से ही कमजोर है। ऐसे में ऑनलाइन उपस्थिति को अनिवार्य बनाना शिक्षकों के लिए नई परेशानी खड़ी कर रहा है।कई शिक्षकों ने बताया कि ऐप बार-बार हैंग हो रहा था। कुछ मामलों में फेस रिकॉग्निशन काम नहीं कर रहा था, जबकि कई शिक्षकों की लोकेशन गलत दिखा रही थी। नतीजा यह हुआ कि विद्यालय में मौजूद रहने के बावजूद उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं हो सकी।

### बच्चों की पढ़ाई से ज्यादा ऐप की चिंता

शिक्षक संगठनों का कहना है कि नए शिक्षा सत्र की शुरुआत में शिक्षकों का ध्यान विद्यार्थियों की पढ़ाई और कक्षाओं की व्यवस्था पर होना चाहिए था, लेकिन अधिकांश समय ऐप की तकनीकी समस्याओं से जूझने में निकल गया। इसका असर सीधे तौर पर शैक्षणिक गतिविधियों पर पड़ रहा है। शिक्षक संघ की ओर से कहा गया है कि जब तक वीएसके ऐप पूरी तरह स्थिर और तकनीकी रूप से सक्षम नहीं हो जाता, तब तक मैनुअल उपस्थिति व्यवस्था को जारी रखा जाए। साथ ही तकनीकी कारणों से उपस्थिति दर्ज नहीं होने पर किसी भी शिक्षक के वेतन या सेवा अभिलेख को प्रभावित न किया जाए।

## साफ सफाई, बर्न आईसीयू, बिजली बैकअप सहित कई बुनियादी जरूरतों को पूरा करना जरूरी

# सिम्स पर हाईकोर्ट की निगरानी से सुधार पर कई काम बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स की बदहाली सुधारने के लिए लगातार हाईकोर्ट निर्देश जारी कर रहा है। हाल ही में हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट कमिश्नरों ने सिम्स की कई व्यवस्थाओं के बारे में रिपोर्ट सौंपी है, जिसके बाद हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए 15 से अधिक मुद्दों में सुधार करने के निर्देश दिए हहैं।

8 अप्रैल को सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कोर्ट कमिश्नरों को सिम्स का निरीक्षण कर मौजूदा हालात का आकलन करने और विस्तृत रिपोर्ट सौंपने कहा था। कोर्ट ने सीजीएमएससीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर को भी प्रक्रियाधीन टेंडरों की स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए थे। कोर्ट कमिश्नरों ने स्वच्छता व सफाई व बिल्डिंग के रखरखाव में दिक्कतों की बात सामने रखी है, जिसमें कोर्ट ने सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए कहा है और बिल्डिंग के मरम्मत के फंड के लिए प्रशासन को जिम्मेदारी दी है। दोनों ही मामलों में तत्काल कार्रवाई की जरूरत है। वहीं सिम्स के मरीजों को अन्य अस्पतालों में भेजने के मामले सामने आने के बाद कोर्ट ने रेफरल प्रोटोकॉल और एसओपी तैयार करने की बात कही है। जिसमें हर महीने समीक्षा की जाएगी, इसके लिए मेडिकल आफिसर की जवाबदेही तय करने की बात कही गई है। कोर्ट कमिश्नर ने ट्रैफ़िक और पार्किंग प्रबंधन को लेकर भी सिम्स की व्यवस्था की पोल खोली है। कोर्ट ने ज़िला प्रशासन, नगर निगम और ट्रैफ़िक पुलिस को लगातार कार्रवाई करने के लिए कहा है। वहीं ओपीडी व आपाताकालीन के समय उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए है। वहीं फायर फ़ायर स्प्रिंकलर सिस्टम सिम्स में शुरू हो चुका है और बिल्डिंग के एक तरफ़ एक्सटेंशन की ज़रूरत है। साथ ही मरीज़ को लिए हेल्पडेस्क काम नहीं करने पर नया नया हेल्पडेस्क बनाने के लिए कहा गया है।



### हरिभूमि की खबर का असर

पार्किंग और मरच्यूरी में खराब गाड़ियां होने से परिजनों को होने वाली दिक्कतों को लेकर हरिभूमि ने कई बार खबर प्रकाशित की है। जिसे कोर्ट कमिश्नरों ने अपनी रिपोर्ट में शामिल किया है। हाईकोर्ट ने पार्किंग प्रबंधन में आने वाली इस समस्याओं को हल करने के लिए कहा है। कोर्ट ने कहा है कि स्थाई योजना बनाकर इसे हल किया जा सकता है। वहीं जमीन पर मरीजों के बैठने की बात को लेकर तत्काल प्राथमिकता के आधार पर इसे सुधारने के निर्देश दिए है।

### सीपेज और खुले तार दिखे

कोर्ट कमिश्नरों को सिम्स के एनआईसीयू में सीपेज और फॉल्स सीलिंग के ड्रेमेज होने की जानकारी मिली थी, कोर्ट ने सीजीएमएससी को ठीक करने के निर्देश जारी किए है। वहीं इतने बड़े अस्पताल में बर्न यूनिट है लेकिन बर्न आईसीयू की जरूरत महसूस की जा रही है। साथ ही डायलिसिस जैसे अति गंभीर यूनिट में 6 मशीनें चालू हालत में है लेकिन बिजली बैकअप की व्यवस्था नहीं है। कोर्ट ने इसे तत्काल सुधारने के लिए कहा है।

### मरीजों की लंबी लाइन और पेंडेंसी

सिम्स में स्टाफ की कमी किसी से छुपी नहीं है, मैनपावर की कमी से जूझ रहे संस्थान में कई तृतीय और चतुर्थ ग्रेड कर्मचारी ही नहीं है। संविदा तौर पर काम कराया जा रहा है। गंभीर बात यह है कि एम्बुलेंस होने के बाद भी ड्राइवर नहीं है। इसके साथ ही नर्स कमी के कारण कई वार्ड में नर्स ओवर ड्यूटी दे रही है। कोर्ट ने जल्द से जल्द भर्ती करने के निर्देश दिए हैं। वहीं माइनर ओटी हफ्ते में एक बार चालू करने को लेकर भी कोर्ट ने कहा है कि इससे मरीजों को इलाज में दिक्कत हो रही है, ऐसे में पेंडेसी बढ़ती है, अन्य दिनों में भी माइनर ओटी शुरू करने की बात कही गई है।

### संक्रमित मरीजों के लिए एक काउंटर जरूरी

कोर्ट कमिश्नरों ने पाया कि सिम्स में ओपीडी पर्ची से लेकर बैठने तक की व्यवस्थाओं में संक्रमित मरीजों के लिए अलग व्यवस्था नहीं है। जिसमें कोर्ट ने संक्रामक मरीज व आम मरीजों के लिए अलग काउंटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। ताकि संक्रमण की रोकथाम हो सके।

### मशीन खरीदने के लिए टेंडर जारी

कोर्ट में सीजीएमएससी के मैनेजिंग डायरेक्टर बताया कि मेडिकल उपकरण खरीदे जा चुके हैं। वहीं मेडिकल उपकरणों जिसमें फाइबर ऑप्टिक ब्रोंकोस्कोप,बी-स्कैन, ईईजी मशीन, एनेस्थीसिया वर्क स्टेशन के टेंडर प्रक्रिया में है। मेडिकल इक्विपमेंट जैसे वेंटिलेटर वेट फील्ड बाइपोलर कॉटरी, साइक्लोथैरेपी मशीन, हिस्टेरोस्कोपी सिम्युलेटर, हार्मोनिक स्कैल्पेल, डिजिटल स्पाइरोमीटर और बाइपोलर जनरेटर के स्पेशिफिकेशन की जांच की जा रही है। साथ ही कार्डियक पेसिंग इक्विपमेंट (टेम्परेरी पेसमेकर), हाई फ्रिक्वेंसी वाला डिजिटल वीडियो कोल्पोस्कोप, ईएनटी ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप, डॉप्लर के साथ अल्ट्रासोनोग्राफी, मल्टीपैरा मॉनिटर, इको के साथ अल्ट्रासाउंड मशीन के टेंडर किए जा चुके हैं।

### 2 साल से कई सुधार हुए

हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद से पिछले 2 सालों में हमने कई सुधार कराएं हैं, कोर्ट कमिश्नरों ने जिन बातों को उठाया है, उसमें हम पहले से ही सुधार करते आ रहे हैं, कुछ ही महीनों में यह भी सही होगा। कई मशीनें आ चुकी हैं। पार्किंग के लिए व्यवस्थाओं में सुधार किया गया है।

- रमणेश मूर्ति, डीन, सिम्स


अद्वितीय योद्धा, कुशल प्रशासक, वीरता,
पराक्रम एवं त्याग के प्रतिक
महाराणा प्रताप
की जयंती पर
सादर नमन्...
आलोक सिंह ठाकुर
दीपेन्द्र सिंह ठाकुर
आदित्य सिंह ठाकुर
अभिषेक सिंह ठाकुर (राजा)
कमल सिंह ठाकुर
लवी सिंह ठाकुर
देवाशिष सिंह ठाकुर
अनंतजीत सिंह ठाकुर
अभय सिंह ठाकुर
समर सिंह ठाकुर

बिलासपुर, बुधवार 17 जून 2026

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

# खुले स्कूल, गर्मी ने किया परेशान

स्कूलों में डेढ़ महीने कि छुट्टी के बाद मंगलवार को स्कूल में रौनक देखने को मिली, बच्चे भी इस दौरान स्कूल पहुंचे। पहले दिन स्कूल पहुंचने पर बच्चों का स्वागत टीका लगाकर और चॉकलेट से उनका मुंह मीठा कराकर किया गया। खासतौर पर स्कूल का पहला दिन और गर्मी होने की वजह से स्कूल में बच्चों की संख्या कम दिखाई पड़ी। कुछ लोग गर्मी की वजह से भी स्कूल नहीं पहुंच पाए, बतादें की पूरे प्रदेश में 1 मई से 15 जून तक प्रदेश के सभी शासकीय और प्राइवेट स्कूलों में छुट्टी चल रही थी। बच्चे छुट्टी मनाने के बाद सुबह-सुबह बच्चे स्कूल जाते दिखे। वहीं एक दूसरे साथी से मिलने पर बच्चे खुश भी थी, बच्चों ने पहले दिन जमकर मस्ती की पहले ही दिन स्कूलों में भी छुट्टी के समय तक चहल-पहल रही।







हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नए सत्र की शुरुआत के साथ छात्र-छात्राएं समय से पहले ही स्कूल पहुंच गए। स्कूल परिसर बच्चों की चहल-पहल और मुस्कान से गुलजार हो उठा। कई बच्चे अपने नए बैग, किताबें और यूनिफॉर्म के साथ स्कूल पहुंचे। छुट्टियों के दौरान बिताए गए अनुभवों को लेकर बच्चों ने अपने दोस्तों और शिक्षकों से बातचीत की। वहीं शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए नए सत्र में मन लगाकर पढ़ाई करने और अनुशासन का पालन करने की सीख दी।

स्कूलों में पहले दिन प्रार्थना सभा आयोजित कर विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र की जानकारी दी गई। लंबे अंतराल के बाद दोस्तों से मिलकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। अभिभावकों ने भी बच्चों को उत्साह के साथ स्कूल भेजा और नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं।



## पैरेंटस भी रहे उत्साहित



अभिभावकों ने भी बच्चों को उत्साह के साथ स्कूल भेजा और नए सत्र में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। उनका कहना था कि छुट्टियों के बाद अब बच्चों की नियमित दिनचर्या फिर से शुरू होगी, जिससे उनकी पढ़ाई और अन्य गतिविधियों में निरंतरता बनी रहेगी। स्कूल खुलने के साथ ही शैक्षणिक माहौल फिर से जीवंत हो गया है। विद्यार्थियों के उत्साह और शिक्षकों के मार्गदर्शन के साथ नए सत्र की शुरुआत सकारात्मक वातावरण में हुई, जिससे आने वाले दिनों में बेहतर शैक्षणिक परिणामों की उम्मीद जताई जा रही है।

वेकैंसी

## इंडियन नेवी में अग्निवीर अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदन

**बिलासपुर**। इंडियन नेवी की ओर से अग्निवीर अप्रेंटिसशिप के पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। जो उम्मीदवार इंडियन नेवी में बतौर अग्निवीर अप्रेंटिसशिप के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं। उन उम्मीदवारों के लिए यह एक सुनहरा मौका है। अप्रेंटिसशिप के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 29 जून, 2026 तक अग्निवीर अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही उम्मीदवारों को फॉर्म में करेक्शन करने का भी मौका दिया जाएगा। उम्मीदवार 6 जुलाई, 2026 तक अपने फॉर्म में सुधार कर सकते हैं। इंडियन नेवी में अग्निवीर अप्रेंटिसशिप में आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों ने भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा दसवीं न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो।




### इस तरह एग्जाम पैटर्न

लिखित परीक्षा में उम्मीदवारों से 100 अंकों के 100 सवाल पूछे जाएंगे। परीक्षा हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित कराई जाएगी। परीक्षा में उम्मीदवारों से बहुविकल्पीय प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे। लिखित परीक्षा एक घंटे के लिए आयोजित कराई जाएगी। परीक्षा में उम्मीदवारों से सामान्य ज्ञान, विज्ञान, गणित और संबंधित ट्रेड से सवाल पूछे जाएंगे। परीक्षा में गलत उत्तर के लिए एक-चौथाई अंक की नेगेटिव मार्किंग भी की जाएगी।

आयोजन

## पुरुषोत्तम मास के अंतिम दिन सिम्स में भोजन वितरण



**बिलासपुर**। लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल और गुलदस्ता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पुरुषोत्तम मास के अंतिम दिन सोमवती अमावस्या पर सिम्स में 3 सौ लोगों को भोजन वितरण किया गया। इस अन्नदान महादान के इस कार्य में अध्यक्ष रीता राजगीर, डॉ सविता पांडेय, ज्योति सिंगरौल, संगीता लांजेवर, गीता प्रजापति, सीमा श्रीवास्तव, रेनू गौतम, कामिनी स्वर्णकार, ममता गौरहा, शालिनी पांडेय, चीकू शर्मा, आराध्या, गोविंद सिंगरौल का सहयोग रहा।

कार्यक्रम

## रोटी बैंक ने किया आश्रय स्थल में आवश्यक सामग्री का वितरण



**बिलासपुर**। रोटी बैंक बिलासपुर के सदस्यों ने तिफरा स्थित आश्रय स्थल 'घरौंदा' में आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया। शशि यादव शनिचरी बाजार के सहयोग से आश्रम में चार तखत, चार गद्दे, चार चादर और चार तकिए प्रदान किए गए। फल वितरण भी किया गया। घरौंदा के बाद सदस्यों ने ग्राम परसदा में दुर्घटनाग्रस्त गौ माताओं और गौवंश की सेवा की। इस सेवा कार्य में चांदनी, सूरज पाण्डेय, ममता तिवारी, माही और रघुनंदन का सहयोग प्राप्त हुआ। सेवा के अगले चरण में रामा मैग्नेटो मॉल के समीप अत्यंत गंभीर अवस्था में रह रहे दो असहायों की स्थिति का जायजा श्री श्याम के साथ लिया गया। बिलासपुर मारवाड़ी युवा मंच एवं साईं ब्लड सेंटर ने रोटी बैंक बिलासपुर को उनके निरंतर सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया। शाम को सिम्स चिकित्सालय में रघुनंदन और लेखराम कश्यप के साथ मिलकर जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया गया। अन्नदान के इस कार्यक्रम में पद्मजा सिन्हा, विभव सिन्हा, सुपुत्र प्रथम सिन्हा, चांदनी पाण्डेय, ममता तिवारी और माही ने योगदान दिया।

कार्यकारिणी

## डॉ. चौधरी बने भुमिहार ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष



**बिलासपुर**। महमंद स्थित समाज के भवन में समाज की महत्वपूर्ण आम सभा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक सौहार्दपूर्ण एवं गरिमामई रही इसमें समाज के संगठनात्मक मजबूती एवं आगामी वर्ष हेतु कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की गई। सचिव राजीव कुमार ने बैठक में एजेंडा पेश करते हुए कार्यकारणी का कार्यकाल समाप्त होने की जानकारी दी एवं नये कार्यकारिणी चयन हेतु निवेदन किया। उपस्थित सदस्यों ने नये कार्यकारिणी का गठन वरिष्ठ सदस्यो आरपी सिंह एनएन शर्मा, एनके राय, पारसनाथ राय, पीपी राय, अमिय कुमार राय के उपस्थिति में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया जिसे कार्यकारिणी ने सहमति देकर निर्वाचित घोषित किया। कार्यकारिणी में अध्यक्ष के रूप में समाज के वरिष्ठ सदस्य डॉ के.एन चौधरी, सचिव के रूप में राजीव कुमार, कोषाध्यक्ष के रूप में प्रशांत सिंह को चुना गया। नवचयनित पदाधिकारियों का सभी उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। समाज के संरक्षक आरपी सिंह को भवन समिति का आजीवन अध्यक्ष चुना गया।

# 11 हजार पार्थिव शिवलिंग का महाअनुष्ठान

**बिलासपुर**। मिशन हॉस्पिटल रोड स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में आयोजित पुरुषोत्तम मास पार्थिव शिव पूजा महोत्सव का समापन 11 हजार पार्थिव शिवलिंग के निर्माण और विशेष पूजन के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से भगवान शिव की आराधना की।

इस दौरान पांच ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजा संपन्न कराई गई। इसके बाद गंगा महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। आयोजकों के अनुसार पुरुषोत्तम मास की शुरुआत से लेकर समापन तक 38 हजार से अधिक पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया। प्रतिदिन श्रद्धालुओं ने मिट्टी के शिवलिंग बनाकर पूजन किया। अंतिम दिन हुए महाअनुष्ठान में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और बच्चों ने भाग लेकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया।



### भजनों से भक्तिमय माहौल

समापन अवसर पर बाल कलाकार कु. भव्या सिंह ने भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। महाआरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा और भक्त शिवभक्ति में सराबोर नजर आए। आचार्य पं. प्रेमकांत मिश्रा ने श्रद्धालुओं को पुरुषोत्तम मास की महिमा बताते हुए कहा कि इस पवित्र मास में भगवान शिव की आराधना, जप, तप, दान और पूजा से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है तथा जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का आगमन होता है।

### शिवलिंग दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

चांटीडीह स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में भी विशेष पूजा-अर्चना की गई। यहां स्थापित 14 फीट ऊंचे शिवलिंग के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। महिलाओं ने भगवान शिव का अभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पुरुषोत्तम मास के समापन के साथ पूरे शहर में धार्मिक उल्लास और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। श्रीराम मंदिर में भी विशेष आयोजन किया गया।

# महाराणा प्रताप जयंती पर भव्य शोभायात्रा आज

बिलासपुर। सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज सेवा के तत्वावधान में महाराणा प्रताप जयंती समारोह अवसर पर शहर में एक भव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को सुबह बजे 10 महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर शरबत वितरण किया जाएगा। शाम 4 बजे से समाज की एकता, गौरवशाली संस्कृति और इतिहास का प्रदर्शन इस यात्रा में किया जाएगा। समाज के युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों में भारी उत्साह है, समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि यह शोभायात्रा शाम 4 बजे गवर्नमेंट स्कूल गांधी चौक से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों जूना बाजार ,हटरी चौक,सिटी कोतवाली , गोलबाजार,सदर बाजार से होते हुए नियत समापन स्थल तिलकनगर श्री हनुमान मंदिर पर पहुंचेगी, जहां महाआरती और प्रसाद वितरण होगा। इस शोभायात्रा में धुमाल,कर्मा नृत्य,रंगोली व सजीव झांकियों के साथ विशाल यात्रा निकाली जाएगी। सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज सेवा समिति ने सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज के सभी नागरिकों, मातृशक्ति और युवा साथियों से इस भव्य आयोजन में सपरिवार, इष्ट-मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाएं। बतादें की महाराणा जयंती के अवसर पर रविवार को समाज के युवा वर्ग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें 100 से अधिक युनिट ब्लड का डोनेशन किया गया था। इस मौके पर कलेक्टर संजय अग्रवाल व एसएसपी रजनेश सिंह भी पहुचे थे, अत्यधिक ब्लड डोनेशन की सराहनी भी की थी।



### रामजी की झांकी से होगी अगुवाई

समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस भव्य शोभायात्रा की राम भगवान की झांकी सबसे आगे रहेगी जो इस यात्रा की अगुवाई करेगी। इसके साथ ही महाराणा प्रताप की प्रतिमा, कर्मा,अखाड़ा,बाद्य यंत्रो व विशाल आतिशबाजी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

# अलका को मिला 'माणिक ऑफ़ द अपराजिता' का सम्मान

बिलासपुर। 'द एसोसिएशन ऑफ़ वी क्लब्स ऑफ़ इंडिया' का मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय अवार्ड फंक्शन "आभार" का आयोजन जबलपुर में आयोजित किया गया। जिसमें अलका अग्रवाल को उत्कृष्ट डिसट्रिक्ट सचिव का "माणिक ऑफ़ द अपराजिता" सम्मान मिला।

यह सम्मान उन्हें डिसट्रिक्ट अध्यक्ष मनीषा सोनी ने वर्ष भर के सेवा कार्य गौ व वृद्ध सेवा, शिक्षा, वृक्षारोपण, नारी स्वाभिमान, फ़ूड फॉर हंगर, महिला स्वरोज़गार हेतु सिलाई मशीन वितरण, ठंड में कंबल वितरण आदि उत्कृष्ट सेवाओं एवं सामाजिक कार्यों में अद्वितीय योगदान के लिए प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि विगत 9 अप्रेल को पुष्कर राजस्थान में आयोजित मल्टीपल डिसट्रिक्ट कार्फ्रेंस में प्रेसीडेंट मंजीत हंसरा ने अलका अग्रवाल को "उत्कृष्ट डिसट्रिक्ट सचिव" का सम्मान तथा फ़ूड फॉर हंगर के क्षेत्र में कार्य करने के लिए आउट स्टैंडिंग अवार्ड से सम्मानित किया था। वहीं सत्र 2026-27 हेतु रीवां की ज्योति प्रधान को डिसट्रिक्ट प्रेसीडेंट तथा बिलासपुर की नीरज अग्रवाल को वाइस डिसट्रिक्ट प्रेसीडेंट चुना गया। इस मौके पर शहर की



जगदीश सलूजा, प्रियंका जैन, निमिता जालान सहित रायगढ़, सारंगढ़, डभरा, खरसिया, अंबिकापुर, चिरमिरी, कोतमा, रीवां, सतना, जबलपुर आदि कई शहरों से वी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बाल समागम में जीवन जीने की दी गई सीख

बिलासपुर। निरंकारी सद्गुरू माता सुदीक्षा महराज एवं निरंकारी राजपिता की कृपा से बिलासपुर सत्संग भवन में जोनल स्तरीय बाल समागम का आयोजन बैरागढ़ म.प्र. से आईं बहन कविता आसुदानी के सानिध्य में किया गया। सद्गुरू बाबा हरदेव सिंह महाराज ने बच्चों को बचपन से ही मर्यादित जीवन जीने की सीख दी।

संत समागम में बच्चों ने विभिन्न गीतों, विचारों, छोटे नाटकों एवं स्क्रीप्ट के माध्यम से सद्गुरू का संदेश दिया। कार्यक्रम का आरंभ बिलासपुर की बहन नायरा के हरदेव वाणी से किया गया। इसके बाद जांजगीर, कोरबा शाखा के बच्चों ने हरदेव वाणी का गायन किया। बिल्हा के बच्चों के विचार, बिलासपुर के बच्चों की गीत, घुडदेवा, बिल्हा से आए बच्चों के समूह गान, स्क्रीप्ट आदि कार्यक्रमों द्वारा संगतों को सतगुरू की सिखलाई बताई गई। अंत में बिलासपुर जोन के जोनल इंचार्ज महात्मा सुन्दर श्याम ने बाल समागम में रायपुर से आये जोनल इंचार्ज महात्मा गुरूबक्श कालरा, क्षेत्रीय संचालक महात्मा अशोक पंजवानी सहित सभी मुखी महात्मा, बच्चों, संगतों की शुक्रिया अदा की। सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया। गुरू प्रसाद लंगर का भी वितरण किया गया।






# बेसबॉल प्रीमियर लीग की शुरूआत आज से, चार टीमें हो रहीं शामिल

स्पोर्टर्स न्यूज

**बिलासपुर**। बेसबॉल प्रीमियर लीग का शुभारंभ बुधवार को छत्तीसगढ़ स्कूल बेसबॉल ग्राउंड में होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में शहर की चार टीमें खिताब के लिए आमने-सामने होंगी।

प्रतियोगिता के आयोजन लखन देवांगन एवं संदीप गाहिरे ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला फाउंडेशन वॉरियर्स एवं मां कामाख्या चैलेंजर्स के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन डबल लीग प्रारूप में किया जाएगा, जिसमें सभी टीमें एक-दूसरे से दो-दो बार मुकाबला करेंगी। लीग चरण के बाद शीर्ष दो टीमें फाइनल में तथा तीसरे और चौथे स्थान की टीमें तीसरे स्थान के मुकाबले में भाग लेंगी। जिसमें फाउंडेशन वॉरियर्स टीम ओनर प्रिंस भाटिया, लक्ष्मी स्पोर्ट्स फाइटर्स टीम ओनर सौरभ राय, मौसाजी जायंट्स टीम ओनर निखिल



खंडेलवाल,मां कामाख्या चैलेंजर्स,टीम ओनर डॉ. गोपालकृष्ण पाठक

प्रतियोगिता में प्रत्येक मैच 3 इनिंग्स का होगा तथा प्रत्येक मैच की कुल अवधि 1 घंटा निर्धारित की गई है। प्रत्येक मुकाबले के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को एक बेहतर एवं प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करना है, जिससे वे अपने खेल कौशल को निखार सकें और उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए स्वयं को तैयार कर सकें। लीग के माध्यम से खिलाड़ियों के खेल कौशल के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास और मनोबल को भी मजबूती मिलती है।

इस आयोजन के सकारात्मक परिणाम राष्ट्रीय स्तर पर लगातार देखने को मिल रहे हैं। छत्तीसगढ़ की बेसबॉल टीमें हर वर्ष राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक अर्जित कर रही हैं। हाल ही में भुवनेश्वर में आयोजित सब-जूनियर राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बालक टीम ने स्वर्ण पदक तथा बालिका टीम ने रजत पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।


"घास की रोटी खा लेंगे, पर शीश नहीं झुकाएँगे,
राणा प्रताप के वंशज हैं, हम ही स्वाभिमान बचाएँगे।।"
स्वाभिमान, शौर्य और वीरता के प्रतीक
महाराणा प्रताप जयंती
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज
कार्यक्रम
दिनांक : 17.06.2026 दिन : बुधवार
माल्यार्पण- प्रात: 09 बजे, महाराणा प्रताप चौक
शोभायात्रा
शाम 04 बजे गवर्नमेंट स्कूल गांधी चौक से प्रारंभ होगी
दीपक सिंह
सुरजीत सिंह
प्रकाश सिंह
शक्ति सिंह
विक्रम सिंह
राघवेन्द्र सिंह
विशाल सिंह
आशीष सिंह
दीपक सिंह
अभिषेक सिंह
बसंत प्रताप सिंह
मनीष सिंह
धनंजय सिंह
राजा सिंह
कमल सिंह
अतुल सिंह
नितेश सिंह
लक्की सिंह
डॉ. अभिषेक सिंह
रौशन सिंह
वीरेन्द्र सिंह
आकाश सिंह
निलेश सिंह
राजा सिंह
प्रवीण सिंह
बजरंग सिंह
लवी सिंह
देव सिंह
समर्थ सिंह
शक्ति सिंह
अंकित सिंह
अंकुर सिंह

## खबर संक्षेप

### बच्चों के सर्वेक्षण, रेस्क्यू और पुनर्वास के लिए विशेष अभियान

**मुंगेली।** जिले में बाल श्रमिकों, अपशिष्ट संग्राहकों, भिक्षावृत्ति एवं मादक पदार्थों के शिकार बच्चों के सर्वेक्षण, रेस्क्यू और पुनर्वास के लिए 30 जून विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले में अभियान चलाकर ऐसे बच्चों की पहचान की जा रही है, जो सड़क, झुग्गी-बस्तियों, सार्वजनिक स्थलों या अन्य असुरक्षित परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा ने बताया कि ऐसे बच्चे अक्सर भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहते हैं तथा आर्थिक, लैंगिक शोषण और मानव तस्करी जैसी गंभीर चुनौतियों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। जिला बाल संरक्षण अधिकारी अंजुबाला शुक्ला ने नागरिकों से अनाथ, असहाय अथवा सड़क जैसी परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे बच्चे, जिसकी देखरेख और संरक्षण नहीं हो पा रहा हो, तो इसकी सूचना तत्काल ग्राम सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर देने कहा है।

## निधन

### चमेली देवी शर्मा



**बिलासपुर।** हरी गोमती भवन सहगल गली मसानगंज निवासी चमेली देवी शर्मा 94 वर्ष का 16 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 जून को सुबह 9.30 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में होगा। नगर निगम रिटायर्ड कार्यपालन अभियन्ता सुरेश शर्मा, और शैलेश शर्मा की माता थीं।

### बैशाखा बाई यादव



**बिलासपुर।** तखतपुर के पास ग्राम ढनढन निवासी बैशाखा बाई यादव का निधन 16 जून को 76 वर्ष की आयु में हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया है। वे पकलाराम याढव की पत्नी और संतोष यादव की माता थी।

### महेंद्र सेन



**बिलासपुर।** ओमनगर जरहाभाटा वार्ड क्रमांक 21 निवासी महेंद्र सेन का 16 जून को निधन हो गया। वे 58 वर्ष के थे। वे मनीष सेन के पिता थे।

### शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री, स्कूल के लिए 5 लाख देने की घोषणा

# हर बच्चे तक बेहतर शिक्षा और सुविधाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता: साव



हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मंगलवार को विकासखंड के ग्राम बिजराकछार स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में आयोजित विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में शामिल होकर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के वातावरण में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने शाला प्रवेश उत्सव में विद्यार्थियों को निःशुल्क शाला गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों सहित अन्य सामग्रियों का वितरण किया। उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर उनके विद्यार्थी जीवन की शुरूआत को यादगार बनाया।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम में विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए शासकीय विद्यालय बिजराकछार में किचन शेड एवं रंगमंच निर्माण के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक सुविधाओं के माध्यम से प्रदेश के बच्चे अपने सपनों को साकार कर सकेंगे तथा भविष्य में देश व समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। श्री साव ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का सबसे मजबूत आधार है। शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नवाचार और सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। शाला प्रवेश उत्सव में स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक, जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### जमीन पर बैठकर ग्रामीणों से संवाद

उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव ने वनांचल के ग्राम सलगी में आयोजित जनचौपाल में आसपास के पांच गांवों के ग्रामीणों से जमीन पर बैठक कर आत्मीय संवाद किया। इस दौरान ग्रामीणों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं विष्णु देव साय सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में चर्चा की। श्री साव ने आम छांव के नीचे लोगों को सरकार के किन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है, इसकी जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सरकार की योजनाओं से उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना गया। मौके पर अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर विनय साहू, धनीराम यादव, विक्रम सिंह, अशोक सिंद्रराम, जिला पंचायत सदस्य अनिता साहू, जनपद उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, विश्वनाथ साहू, वीरेंद्र गुप्ता, घनश्याम खत्री, रवि शर्मा, मिंटू अग्रवाल, ज्ञानेश्वर सिंह, महाजन जायसवाल, संतोष साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश कश्यप, नारायण सिंह, जन्मेजय जायसवाल, माधव तिवारी, छत्तू कश्यप, धर्मेंद्र गिरी, ललित, प्रदीप साहू, सरोज, सुरजीत, सरपंच मोती बैगा, पंच एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पहले दिन बच्चों की रही नाममात्र की उपस्थिति



**तखतपुर।** नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ 16 जून से हो गया है। इसी के साथ ही स्कूलों में प्रवेशोत्सव एवं स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाने लगा है। कई विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षा के अनुरूप नहीं रही। पहले ही दिन अधिकांश विद्यालयों में कक्षाएं लगभग खाली नजर आईं।

जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला काठमुठा में कुल नामांकित विद्यार्थियों की तुलना में मात्र 15 विद्यार्थी ही उपस्थित रहे, जबकि प्राथमिक विद्यालय गाड़ाघाट में केवल 34 विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वही टीकरी पारा, जनपद स्कूल सहित कई अन्य विद्यालयों में भी उपस्थिति नाम मात्र रही। शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय खुलने से पूर्व विद्यार्थियों को विद्यालय से जोड़ने के लिए विभिन्न निर्देश जारी किए ,इसके बावजूद पहले दिन उपस्थिति का प्रतिशत कम रहना चिंताजनक माना जा रहा है।

शैक्षणिक सत्र के प्रारंभिक दिनों से ही बच्चों के प्रवेश का यही हाल है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति अधिक देखने को मिली, जहां विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आगामी दिनों में उपस्थिति बढ़ने की संभावना है तथा शिक्षकों को विद्यार्थियों और अभिभावकों से संपर्क कर नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कांग्रेस ने मांगों को लेकर घेरा कलेक्टोरेट



**मुंगेली।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किसानों एवं ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया तथा कलेक्ट्रेट का घेराव कर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए घनश्याम वर्मा ने कहा कि शासन द्वारा प्रति एकड़ केवल एक बोरी खाद देने का निर्णय किसान विरोधी है, जिसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। साथ ही 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को खाद तीन किश्तों में देने की व्यवस्था को अव्यावहारिक बताते हुए सभी किसानों को एकमुश्त खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस दौरान श्री वर्मा सहित अन्य कांग्रेसी नेता संजीत बनर्जी, थानेश्वर साहू सहित अन्य शीर्ष नेताओं ने जिले में बढ़ रही अवैध शराब बिक्री एवं सूखे नशे पर सख्त कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर हेमेंद्र गोस्वामी, रोहित शुक्ला, दीपक गुप्ता, मुकेश मिरी, रघुराज सिंह श्रीनेत, तारणि विश्वकर्मा, लल्ला सिंह ठाकुर, रामस्वरूप श्याम, चंद्रभान बारमते, चुरावन मंगेश्वर, दिलीप बंजारा, संजय यादव, स्वतंत्र मिश्रा आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# झेरिया यादव समाज के जगनीक बने प्रदेश अध्यक्ष

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का विभिन्न जिलों में 52 बूथों पर मतदान संपन्न हुआ। जिसमें प्रगति पैनल ने भारी मतों से विजय प्राप्त की। इसी क्रम में नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव एवं उनकी पूरी टीम का सरकंडा स्थित राधा-कृष्ण मंदिर स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष दीपक यादव एवं महानगर इकाई अध्यक्ष ओंकार यादव के नेतृत्व में किया गया, जिसमें प्रदेश टीम सहित समाज के सभी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। समारोह में एकता यादव समाज एवं भोजली आयोजन समिति के अध्यक्ष शंकर यादव ने विशेष रूप से उपस्थित होकर जगनीक यादव एवं उनकी टीम से मुलाकात की तथा सामाजिक एवं राजनीतिक विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की। अपने उद्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने समाज के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की शिक्षा एवं भविष्य निर्माण की जिम्मेदारी उठाने की बात कही। उन्होंने समाज की राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि समाज द्वारा महादेव घाट रायपुर में बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए छात्रावास सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव ने समाज के युवाओं को नशे से दूर रहने, स्वरोजगार अपनाने एवं दिखावटी विवाह समारोहों से बचने का संदेश दिया। तखतपुर विधानसभा जनपद सदस्य कविता महेश यादव ने महिलाओं को समाज सेवा एवं राजनीति में आगे आने के लिए प्रेरित किया तथा बेटियों की शिक्षा एवं सहयोग पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष भगत यादव, संयुक्त सचिव मनोज यादव, आर. यादव, सुंदर लाल यादव, रायगढ़ जिला अध्यक्ष पंचराम यादव, प्रदेश संगठन मंत्री चंदराम यादव, जांजगीर जिला अध्यक्ष त्रिभुवन यादव, प्रदेश संरक्षक जगत राम यादव, जनपद सदस्य कविता महेश यादव, बिलासपुर जिला अध्यक्ष दीपक यादव, महानगर इकाई अध्यक्ष ओंकार यादव, जिला कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।




# खाद बिक्री में मिली अनियमितता, आवश्यक अभिलेख जब्त



**मुंगेली।** उप संचालक कृषि वीणा ठाकुर के नेतृत्व में गठित विशेष जिला निरीक्षण दल ने लोरमी एवं पथरिया विकासखंड के दो कृषि केंद्रों पर छापामार कार्रवाई कर बड़ी अनियमितताओं का खुलासा किया। जिला निरीक्षण दल ने बिजराकापाकला स्थित किशन खाद भंडार तथा पथरिया विकासखंड के बेलखुरी में संदीप ट्रेडर्स में डमी कृषक भेजकर उर्वरक क्रय कराया और विक्रय प्रक्रिया की जांच की। जांच के दौरान दोनों कृषि केंद्रों में उर्वरक विक्रय संबंधी गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।

निरीक्षण में किशन खाद भंडार, बिजराकापाकला में एनपीके उर्वरक निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बेचने तथा यूरिया के साथ अन्य सामग्री (जिंक सल्फेट) अनिवार्य रूप से दिए जाने की शिकायत सही पाई गई। वहीं संदीप ट्रेडर्स, बेलखुरी में यूरिया निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बेचने, भौतिक स्टॉक एवं पीओएस मशीन के स्टॉक में भारी अंतर तथा एनपीके उर्वरक का स्रोत प्रमाण पत्र के बिना विक्रय किए जाने की पुष्टि हुई, इस पर दोनों कृषि केंद्रों में उपलब्ध उर्वरकों तथा आवश्यक अभिलेखों को जब्त कर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 15.48 टन यूरिया, 22.80 टन एसएसपी, एनपीके तथा एमओपी सहित संबंधित दस्तावेज एवं पीओएस मशीन जब्त की गई।

### तहसील परिसर में भूमिपूजन कल

**तखतपुर।** अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन 18 जून को दोपहर 1 बजे तहसील परिसर में किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रविंदर कौर मक्कड़ होंगी। अध्यक्षता विधायक धर्मजीत सिंह करेंगे। यह जानकारी अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सत्येन्द्र जायसवाल ने दी।

# बिजली विभाग के शिविर में 8 ने कराया रजिस्ट्रेशन

**मल्हार।** बिजली विभाग द्वारा सोमवार को स्कूल चौक के प्राथमिक शाला में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली शिविर लगाकर सूर्य घर के लिए लोगों को प्रेरित किया। शिविर में 16 ग्रामीणों ने जानकारी ली तथा 8 ने इस योजना का लाभ लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शिविर का सफल आयोजन किया गया। कनिष्ठ यंत्री नीलेश कुमार ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक करना और उन्हें मुफ्त बिजली योजना का लाभ दिलाना था। शिविर में मुख्य रूप से विद्युत विभाग के सहायक अभियंता प्रवीन कौशिक, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अनुभव सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त, नगर पंचायत के सहायक अधिकारी भानुप्रताप निषाद, सीताराम मरावी, एसके शर्मा, उमेश साहू उपस्थित रहे। अधिकारियों ने शिविर में पहुंचे लोगों को योजना के फायदे, मिलने वाली सब्सिडी और आवेदन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। इस शिविर के प्रति स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा गया। कुल 16 जागरूक नागरिकों ने शिविर में पहुंचकर योजना के संबंध में विभिन्न जानकारियां पाई जिनमें से मौके पर ही 8 हितग्राहियों ने अपने घरों में सोलर पैनल लगवाने के लिए पंजीयन भी कराया। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना से न सिर्फ बिजली बिल से मुक्ति मिलेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण मंग भी मदद मिलेगी।




### आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार गजेन्द्र नायक उम्र 37 वर्ष पिता मनहरण नायक निवासी-वॉर्ड नं. 10 वी आई पी स्कूल के पास आदर्श नगर सिरगिट्टी बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ0ग0) एवं बसवा नागभूषण राव उम्र 52 वर्ष पिता बी नंदेश निवासी-138 ब्लॉक-श्री साई भूमि तोरवा गुरूनानक चौक तोरवा बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ0ग0) से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशन कराता हूँ कि मेरे उपरोक्त पक्षकार ने मौजा-सिरगिट्टी प.ह.नं. 41, रा.नि.मं. सिरगिट्टी, तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ0ग0) में स्थित भूमि खसरा नंबर 443 रकबा 0.64 एकड़ (27904 वर्गफीट /0.2550 हेक्टेयर) जो कि भूमि स्वामी गजानंद अवस्थी, ओंकार प्रसाद अवस्थी, रघुवीर अवस्थी, किशोरी लाल अवस्थी, शम्भू प्रसाद अवस्थी द्वारा मुख्तयार आम गजानंद अवस्थी सभी पिता रामखिलावन सभी निवासी वॉर्ड 10 दुर्गा मंदिर चौक गुड़ीपारा सिरगिट्टी बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ0ग0) से क्रय करने का पक्का सौदा कर बतौर एडवांस राशि प्रदान कर दिया गया है, जिसका निकट भविष्य में विक्रय पंजीयन होना हैं, अतः उक्त भूमि मय मकान के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक या अन्य को कोई आपति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करावें, बाद की आपति विधि मान्य नहीं होगी।

सो आम सूचना जाने।

बिलासपुर, दिनांकः 16/06/2026

**भवदीय,**
**संतोष वस्त्रकार (अधिवक्ता /नोटरी)**
**पुराना पावर हाउस डॉ.बेनर्जी क्लीनिक के पास, तोरवा, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9302518147**
**गजेन्द्र नायक मो. 7987271548,**
**बसवा नागभूषण राव- 6264782202**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. सीमांकन / मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र

प्रति,
आवेदक/आवेदिका रविशंकर शर्मा पि.स्व.श्री विष्णु प्रसाद निवासी -बोदरी।
आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूस्वामी (1) अजय साहू (2) लता जायसवाल (3) ब्रजेश साहू (4) अन्य हितबद्ध सरहदी भूमिस्वामी (4) ग्राम कोटवार।
विषयः-सीमांकन / मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।
संदर्भः-न्याया.ना.तह. बोदरी के ज्ञापन क्रमांक/क 534/ना.तह./वा/2026 बोदरी दिनांक 11/03/26

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक /आवेदिका रविशंकर शर्मा पिता स्व.श्री विष्णु प्रसाद ब्राम्हण निवासी बोदरी द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी प.ह.नं.01-रानिमं. व तहसील बोदरी जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 561, 489/13 रकबा 0.72 ए., 2.29 एकड़ के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर/सीमांकन किये हेतू न्याया.नाय. तहसीलदार बोदरी में छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 25/06/26 को 12.00 से 4.00 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहें। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

टीपः-उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

**रा.नि. बोदरी, तहसील बोदरी**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार से अधिकृत होकर एवं उनके निर्देशानुसार आम जनता को सूचनार्थ यह प्रकाशन कराता हूं कि मेरे पक्षकार चेतन लाल पाटिल पिता-अनंत राम पाटिल निवासी-ग्राम बोरसी, मकान नं.-150, पोस्ट-गुधेली तहसील भीमभौरी, जिला बेमेतरा छ0ग0 के एकमात्र स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि ग्राम पंडरभट्ठा, प.ह.नं. 48, तहसील व जिला मुंगेली छ0ग0 में खसरा नं. 153/5 रकबा 1.00 एकड़ स्थित है, उक्त भूमि को मोहन लाल मांडे, पिता-श्री झंगलू राम मांडे निवासी-ग्राम बोरसी, मकान नं.-131, वार्ड नं.-4 महामायापारा, सामुदायिक स्वच्छ परिसर बोरसी, पोस्ट-गुधेली तहसील भीमभौरी, जिला बेमेतरा छ0ग0 द्वारा छलपूर्वक अपने नाम पर बिना विक्रय मूल्य प्रदान किये ही बिकी पत्र दिनांक 24.04.26 को निष्पादित करा लिया है, जिस संबंध में शीघ्र ही न्यायालयीन कार्यवाही किया जा रहा है, मेरे पक्षकार को जानकारी मिली है कि उपरोक्त लिखित मोहन लाल मांडे उक्त भूमि को अन्यंत्र विक्रय करने का प्रयास कर रहा है जबकि उन्हें विक्रय करने का कोई अधिकार नहीं है, अतः आम जनता, संस्था, कार्यालय को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के संबंध में कोई भी संव्यवहार न करें अन्यथा उन्हें न्यायालयीन कार्यवाही में उलझना होगा तथा उन्हें कोई हक व अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

दिनांकः 05.06.26

**दुर्गेश कुमार भोई**
**(अधिवक्ता)**
**निवास-ग्राम सेमरा, तहसील बेलतरा**
**जिला बिलासपुर छ0ग0**
**मो.नं.-83190-27252**

### न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सकरी, जिला बिलासपुर

**ईश्तहार**

ग्राम-देवरीकला तहसील सकरी

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम देवरीकला तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक राम स्वरूप सूर्यवंशी पिता तुनगन सूर्यवंशी निवासी देवरीकला तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा अपने माता बिसाहीन सूर्यवंशी पति तुमगन सूर्यवंशी की मृत्यु स्थान देवरीकला में दिनांक 10/06/2024 का पंजीयन हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु, ग्राम पंचायत/नगर पालिक निगम देवरीकला को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 एवं छ.ग. जन्म रजिस्ट्रीकरण 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियम पेशी दिनांक 24/06/26 को अपना आपत्ति-दावा प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10/06/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सकरी,जिला बिलासपुर (छ.ग.)

### आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा श्री रोहित सिंह पिता श्री अशोक सिंह निवासी वार्ड नं. 16, प.ह.नं. 38, रा.नि.मं. बिलासपुर, तहसील एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ स्थित भूमि जिसका शीट नं. 5/3, भूखण्ड नं. 194/6, खसरा नं. 126/20 रकबा 990 वर्गफुट जिस पर मकान निर्मित है उक्त संपत्ति खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय- सुमित्रा साहू
पति राजकुमार साहू
निवासी वार्ड नं. 07, गुरु घासीदास नगर
बिलासपुर मो. 7987357456

### मोटर वाहन के पंजीकृत मालिक को नोटिस के लिए पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना स्थापना और ताजा पंजीकरण का उपयोग किया जा सकता है वितीय के नाम में प्रमाण पत्र

(डुप्लिकेट में बनाया जा सकता है और डुप्लिकेट कॉपी को फाइनेंसर को एक साथ भेजा जाना है नोटिस जारी करना)

पंजीकरण की स्थिति का कार्यालय बिलासपुर रेफरी संख्या 477/RTO/26 दिनांक 04/06/2026 श्री सुख सागर (रजिस्टर्ड)। है। एतद्वारा सूचित किया जाता है कि चोलामण्डलम इंवेस्टमेंट एंड फाईनेंस कं. लि. (Financio) है / ने सूचित किया है कि उसने / उन्होंने मोटर वाहन असर पंजीकरण को अपने कब्जे में ले लिया है संख्या सीजी 10 ए.क्यू. 0784 एक समझौते द्वारा कवर किया गया किराया-खरीद / पट्टे। उक्त समझौते के प्रावधानों के तहत अपने डिफ़ॉल्ट के कारण हाइपोथेकेशन, औरः

1. आपने उसे / उन्हें पंजीकरण प्रमाणपत्र देने से मना कर दिया है।, 2. आप फरार हो गए हैं।

उसने पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और नए सिरे से जारी करने का अनुरोध किया है उसके / उसके नाम में पंजीकरण का प्रमाण पत्र।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त के पंजीकरण के प्रमाणपत्र को सरेंडर करें मोटर वाहन जो आपके द्वारा बनाए रखा गया है वह आपके कब्जे को खोने के बावजूद और जिससे धारा 2 (3) के तहत मोटर वाहन की स्वामित्व और आपके भेजने के लिए रसीद की तारीख से सात दिनों के भीतर इस कार्यालय में, यदि कोई हो, का प्रतिनिधित्व आपके द्वारा यह नोटिस, विफल होने पर पंजीकरण का एक नया प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा फाइनेंसर का नाम, आपके अनुसार आयोजित पंजीकरण का प्रमाणपत्र रद्द करना धारा 51 (5) के साथ।

तारीख...............

**Registered Authorty**
**Bilaspur(C.G.)**

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मै डोमन प्रसाद उम्र 39 वर्ष पिता श्री धनू सिंह जाति सतनामी निवासी ग्राम व पोस्ट छिन्दभोग तहसील व थाना पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. का निवासी हूँ। जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में नाम कुमारी लकेशवरी (आधार क्रमांक 89238473 4825) नाम दर्ज है जो कि गलत नाम है मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम जन्म प्रमाण पत्र और 5वी के अंकसूची के अनुसार सामिया नाम है। मेरे पुत्री के भविष्य में नाम सामिया के नाम से जाना पहचाना एवं संबोधन किया जावें। जिसके संबंध में यह आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ। अतः सूचना जानें

**आवेदक**
**डोमन प्रसाद**

### न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26
ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक समसुद्दीन शेख पिता बाबुद्दीन शेख जाति मुसलमान निवासी ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ0ग0 के द्वारा अपने पुत्र शोयेबुद्दीन शेख पिता समसुद्दीन शेख के लिये आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त / शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्लू एस) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनांक 24/06/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 11/06/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
तखतपुर

### न्यायालय कार्यपालिक दंडाधिकारी तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग.

-: ईश्तहार :-

रा.प्र.क्र.
ग्राम लिम्ही प.ह.नं. 27
तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

प्रति,
रज्जू रात्रे बनाम छ.ग. शासन

एतद द्वारा ग्राम लिम्ही प.ह.नं. 27 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रज्जू रात्रे पिता अमोली जाति सतनामी निवासी ग्राम लिम्ही तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपनी बहन का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण वर्तमान में अपनी बहन का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अपनी बहन संतन बाई की मृत्यु दिनांक 15/02/2025 को ग्राम लिम्ही तह. तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में होने का हवाला देते हुए अपने बहन की मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में न्यायालय कार्यपालिका दण्डाधिकारी तखतपुर में मामला विचाराधीन है जिसमे दिनांक 29/06/2026 को सुनवाई नियत किया गया है उपरोक्त मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार से कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार,तखतपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी, तहसील सकरी

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भः-**जिला-**बिलासपुर** तहसील-**सकरी** प.ह.न.-00043 **अमेरी** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक **CT202526401115800268**

**ईश्तहार**

तहसील सकरी के प.ह.न. **00043** के अंतर्गत ग्राम अमेरी के वर्तमान भूमिस्वामी **डेनियल जोसेफ पिता/पति-स्व. गेब्रियल जोसेफ पता-जरहाभाटा बिलासपुर** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **499/11 (0.0185), 499/12 (0.0198)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **जेसिका प्रसाद पति-मनोज कुमार प्रसाद पिता/पति-स्व. डेनियल जोसेफ पता-मिनी बस्ती पन्ना नगर जरहाभाठा** के नाम पर पंजीयन/फ्रौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06/07/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी, तहसील सकरी** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/06/2026 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार: Vibhor Yadav**
**सकरी**

### // नाम परिवर्तन सूचना//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हे कि मै विकास केजरीवाल (VIKAS KEJRIWAL) पिता स्व. श्री बासुदेव केजरीवाल (LT.BASUDEO KEJRIWAL) माता स्व. श्रीमति शांति केजरीवाल (LT. SHANTI KEJRIWAL) निवासी-14, आर-4, सक्रेद हार्ट विद्यालय के पास, विनोबा नगर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, मैने अपना पुराना नाम विकास केजारीवाल (VIKAS KEJARIWAL) को बदलकर विकास केजरीवाल (VIKAS KEJRIWAL) रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे सभी सरकारी और अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम यानी विकास केजरीवाल (VIKAS KEJRIWAL) पढ़ा, लिखा, जाना व पहचाना जाए।

**विकास केजरीवाल**
**(VIKAS KEJRIWAL)**
**निवासी-14, आर-4,**
**सक्रेद हार्ट विद्यालय के पास,**
**विनोबा नगर, बिलासपुर**
**छत्तीसगढ़-495001**

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार क्रेता दीप्ती सोनल साव पति चेतन साहू निवासी मकान न-517 वार्ड न-65 बंधवापारा, सतबहनिया मंदिर के पास अरविंद नगर सरकंडा, बिलासपुर (न.नि.), बिलासपुर, बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा भूमि स्वामी (1) धजाराम साहू पिता श्री पंचराम साहू, निवासी लक्ष्मी चौक चिंगराजपारा चांटीडीह बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ (2) संदीप चौकसे पिता श्री सत्यनारायण चौकसे, निवासी गली नं. 5, गीतांजली सिटी फेस-2 बहतराई रोड़ नया सरकंडा बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के नाम पर दर्ज भूमि मौजा बिजौर प.ह.न. 22/30, रा.नि.म. मोपका बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित खसरा न. 40/5 रकबा 1302 वर्गफूट भूमि को खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि प्रदान कर दिया है। निकट भविष्य में उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन किया जाना है।

उक्त भूमि के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय/ अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो आम सुचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में समस्त दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है तथा इसके बाद की गयी किसी भी प्रकार की कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने
दिनांक 16/06/2026
स्थान - बिलासपुर

**भवदीय**
**अभिषेक वर्मा, अधिवक्ता**
**शॉप न. 15, लोयोला स्कूल रोड**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 9827491016, 9993016658,**

### न्यायालय तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क / तह./ वा./ 2026
बिलासपुर, दिनांक 08/06/2026
रा.प्र.क्र./ अ-6 (अ)/2025-26
ग्राम-तिफरा, प.ह.नं. 40

ग्राम तिफरा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा तिफरा, प.ह.न. 40 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 1316/1 रकबा 2098 वर्गफीट भूमि का छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती के लिए आवेदक श्री देवचरण बंजारे पिता श्री रामखिलावन बंजारे, निवासी कालिका नगर तिफरा बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ0ग0) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 03/07/2026 को प्रातः 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनाँक 08/06/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार,**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/278/वाचक/अति-कले/2026
बिलासपुर, दिनांक 10.06.2026

आवेदक श्री रूपेश पटेल आत्मज श्री फागूराम पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बैमा दैहानपारा थाना सरकंडा तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका कुमारी हिना कर्कवाल आत्मजा श्री लक्ष्मीकांत सूर्यवंशी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम वार्ड नंबर 5, सूर्यवंशी मोहतला थाना सरकंडा तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 13.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



रूपेश पटेल



हिना कर्कवाल

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### पीएनबी पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने की चेयरमैन से मुलाकात



**बिलासपुर।** ऑल इंडिया पीएनबी पेंशनर्स एसोसिएशन मंडल ईकाई के चेयरमैन ललित अग्रवाल, अध्यक्ष सुरेंद्र चावड़ा, सचिव रूप रतन सिंह के नेतृत्व में कैलाश अग्रवाल, रवि पटनायक, पार्थो घोष, प्रदीप विश्वास, रवि टण्डन, आदि समस्त पीएनबी से सेवानिवृत्त स्टॉफ सदस्य मंडल प्रमुख अनुराग श्रीवास्तव व उपमंडल प्रमुख दिव्य रंजन नायक से भेंट की। स्व अश्विनी सूद एवं महेश्वरी बाई यादव के सुपुत्र शरद यादव के बकाया हाउसिंग लोन में मेट सुरक्षा कवर शीघ्र दिलवाने तथा विलंबित अवधि तक ब्याज नहीं लेने का आग्रह किया गया। मंडल प्रमुख श्रीयुत श्रीवास्तव ने उनसे बैंक के व्यवसाय को बढ़ाने में सहयोग देने का आग्रह किया।

**बढ़ रही सीमांकन के प्रकरणों में पेंडेंसी** | मालिक ही नहीं बता पा रहे, न जमीन और न ही चौहद्दी

# सीमांकन के चार सौ प्रकरण लंबित, ज्यादातर में मालिक को ही नहीं पता कहां है जमीन ?

**बिलासपुर।** जमीन मालिकों ने अपनी जमीन के सीमांकन के लिए आवेदन तो प्रस्तुत कर दिए हैं, लेकिन ज्यादातर जमीन मालिकों को खुद इस बात की जानकारी नहीं है कि उनकी जमीन मौके पर कहां है? ज्यादातर जमीन मालिकों ने अपनी जमीन का पता लगाने के उद्देश्य से ही सीमांकन का आवेदन लगाया है। आज की स्थिति में केवल बिलासपुर में ही सीमांकन के चार सौ आवेदन लंबित हैं, जिसका निराकरण राजस्व विभाग के गले की फांस बना हुआ है।

जमीन के मालिक को ही अगर यह न पता हो कि उसकी जमीन कहां पर है? तो यह बात कुछ अटपटी लगती है, लेकिन शहर में अभी यही हो रहा है। वैसे तो इस तरह के ज्यादातर मामले कच्ची प्लॉटिंग वाले हैं, लेकिन मोपका बैनर्जी लाईन जैसी सोसायटी बनाकर काटी व बेची गई व्यवस्थित कॉलोनियों में भी बड़ी दिक्कत सामने आ रही है। अकेले बिलासपुर में ही सीमांकन के चार सौ प्रकरण लंबित हैं, लेकिन सारे आवेदनों में सीमांकन कर निराकरण कर पाना राजस्व विभाग के लिए ही गले की फांस बना हुआ है।




मोपका क्षेत्र के बैनर्जी लाईन में बड़ी कॉलोनी काटी गई है। यहां सीमांकन का आवेदन करने वाले जमीन मालिकों के या तो सीमांकन के आदेश ही जारी नहीं हो रहे हैं, या हो भी रहे हैं तो सीमांकन करने से पहले तहसीलदार द्वारा राजस्व निरीक्षकों व पटवारी को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने संबंधी टीप लिखी जा रही है। प्रतिवेदन इस बात का कि पहले यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि आवेदिन भूमि जिस खसरा नंबर की बताई जा रही है उतनी जमीन उस क्षेत्र में उपलब्ध है भी या नहीं? यदि है तभी वहां सीमांकन किया जा सकेगा। जबकि भूमि उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में सीमांकन करने का कोई अर्थ ही नहीं है। इस चक्कर में राजस्व विभाग के पास एक ओर जहां सीमांकन के प्रकरण पेंडिंग होते जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सीमांकन नहीं होने की दशा में आवेदक अलग परेशान हैं।

### चौहद्दी में चारों ओर विक्रेता की बचत भूमि

सीमांकन के लंबित ज्यादातर मामलों में जमीन की चौहद्दी में एक ओर निस्तारी रास्ता तो दर्ज है, जो मौके पर है ही नहीं। इसके अलावा एक खास बात यह भी है कि चौहद्दी में तीन ओर विक्रेता की बचत भूमि दर्ज है। खरीदी-बिक्री के दौरान अगल-बगल किसी और ने जमीन की खरीदी की हो तो चौहद्दी मजबूत होती है व जमीन के चिंहांकन में आसानी होती है। इसके विपरीत अगर तीनों ओर विक्रेता की ही बचत भूमि हो तो आवेदित भूमि का कई बार बिक जाने की संभावना अधिक हो जाती है, जिससे परफेक्ट सीमांकन कर जमीन को खोज निकालना काफी कठिन हो जाता है।

### कुल भूमि से अधिक की खरीदी-बिक्री

शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन ने कच्ची प्लॉटिंग पर बीते डेढ़ साल से कड़ाई कर रखी है। जबकि इससे पहले तक भारी तादाद में बड़े पैमाने पर कच्ची प्लॉटिंग की खरीदी-बिक्री की गई है। हालत यह है कि जमीन का कुल रकबा जितना बड़ा है, भू-माफियाओं ने उससे कहीं ज्यादा प्लॉट बेच डाले हैं। अब लोग सीमांकन के माध्यम से अपनी खरीदी की गई कुल जमीन निकलवाना चाह रहे हैं, जबकि मौके पर उतनी जमीन उपलब्ध ही नहीं है, जिससे विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है।

### कई जगह आपत्तियां

एक ही जमीन के लिए बार-बार सीमांकन के आवेदन आ रहे हैं। ज्यादातर प्रकरणों में आवेदक खुद अपनी जमीन का पता नहीं बता पा रहे हैं। कई प्रकरणों में आसपास या रिश्तेदारों ने ही आपत्तियां लगा रखीं है।

-मनीष कुमार साहू,
एसडीएम बिलासपुर

# सेमेस्टर परीक्षाओं का जायजा लेने अचानक सीएमडी कॉलेज पहुंचे कुलपति डॉ. पटेरिया



सीएमडी कॉलेज का निरीक्षण करते एयू के कुलपति साथ में चेयरमैन संजय दुबे।

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सेमेस्टर परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लेने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ ललित प्रकाश पटेरिया ने सी.एम. दुबे महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा परीक्षा के सुचारु एवं व्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने विशेष रूप से वर्तमान गर्मी को ध्यान में रखते हुए परीक्षार्थियों के लिए ठंडा पेयजल, पंखों एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश महाविद्यालय प्रशासन को दिए। उन्होंने सभी शिक्षकों को परीक्षा ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन न रखने की हिदायत दी एवं शिक्षकों से चर्चा की। कुलपति ने महाविद्यालय में उपलब्ध व्यवस्थाओं जैसा की साफ सफाई एवं पेयजल की सुविधा साथ ही अनुशासित परीक्षा संचालन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सीएमडी कॉलेज के प्रबंधन की सराहना की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय सिंह उपस्थित रहे तथा उन्होंने महाविद्यालय में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी प्रदान की। शासी निकाय अध्यक्ष डॉ संजय दुबे ने कहा कुलपति महोदय के मार्गदर्शन को परीक्षा संचालन की गुणवत्ता और दक्षता बढ़ाने हेतु महत्वपूर्ण बताया। आज के उक्त निरीक्षण में विश्वविद्यालय के प्रो. तरनीश गौतम, कुल सचिव अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय द्वारा भी प्रति कक्षा में निरीक्षण किया गया । इस दौरान कुलपति ने महाविद्यालय द्वारा किए गए व्यवस्था की सराहना की।

# युकां ने कैंडल मार्च कर किया विरोध प्रदर्शन, जताई नाराजगी



**बिलासपुर।** अमेरिका एवं अन्य देशों में भारतीय मूल के लोगों के साथ सामने आ रही चिंताजनक घटनाओं तथा हाल ही में सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो, जिसमें एक व्यक्ति द्वारा भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करते हुए दिखाई देने का दावा किया जा रहा है, साथ ही ओमान में तीन नविकों की हत्या के विरोध में मंगलवार को शाम 7 बजे सुभाष चौक, सरकंडा में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान युवा कांग्रेस एवं नागरिकों के द्वारा हाथों में मोमबत्ती लेकर तथा काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान तथा भारत के राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त करना है। आयोजकों ने कहा कि विदेशों में रहने वाले भारतीयों के साथ होने वाली हिंसा, भेदभाव एवं अन्य घटनाओं पर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस सरकंडा हिमांशु राई, उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस शहर जिला मयंक सिंह गौतम, विकास ठाकुर, शैलेश कश्यप, वासु सोनी, सोमी ध्रुव, जफ़र मेमन, सागर यादव आदि युवा सम्मलित हुए। सभी ने घटना की जमकर निंदा की और इस पर कार्रवाई की मांग की गई।

# भारतीय अस्मिता के प्रतीक महाराणा प्रताप



**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप जयंती की पूर्व संध्या पर राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा भव्य समारोह आयोजित किया गया। साहित्य व जनजीवन में महाराणा प्रताप विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय भावधारा के साहित्यकार बृजेश सिंह ने की। मुख्य अभ्यागत के रूप में अध्यक्ष क्षत्रिय महासंघ डॉ जे के सिंह तथा विशिष्ट अतिथि एच पी एस चौहान, एस पी सिंह थे। अतिथियों का स्वागत विजय बघेल, अर्जुन सिंह व सुरेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन एस के सिंह ने किया।

अध्यक्ष की आसंदी से साहित्यकार बृजेश सिंह ने राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप को भारतीय अस्मिता के प्रतीक के रूप मे निरूपित किया। यही कारण है कि साहित्य में महाराणा प्रताप का प्रताप यत्र तत्र सर्वत्र दिखाई पड़ता है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आदर्श प्रेरक के रूप में महाराणा प्रताप को याद किया जाता है। महाराणा प्रताप पर केनद्रित अपने आहुति महाकाव्य के राष्ट्रीय चेतना पर केनद्रित छंदों की प्रस्तुति कर महाकवि बृजेश सिंह ने सभा को ओज से ओतप्रोत कर दिया। मुख्य अभ्यागत डॉ जे के सिंह ने महाराणा प्रताप के त्याग व शौर्य को याद किया । डॉ जे के सिंह एवं प्रेम सिंह द्वारा क्षत्रिय महासंघ की ओर से सम्मान के उपक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार बृजेश सिंह , एच पी एस चौहान तथा एस पी सिंह को शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। नेहा सिंह व छात्र संकल्प सिंह ने महाराणा प्रताप पर केन्द्रित काव्य पाठ प्रस्तुत किया। जिसकी मौके पर उपस्थित अतिथियों ने तारीफ की। महाराणा प्रताप के शौर्य गाथा को प्रदर्शित किया गया।

इस अवसर पर जे एन सिंह, अरूण सिंह,केदार सिंह, राजेन्द्र बघेल, प्रेम सिंह, संजय सिंह राजपूत, अर्जुन सिंह, सुरेन्द्र सिंह, प्रमेन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह, मुन्ना सिंह, बृजराज सिंह, ईश्वर सिंह परिहार, राजेन्द्र बघेल, एस एस चंदेल, हिमान्शु सिंह, आर एस परिहार, किट्टी सिंह ठाकुर, टिशू राना, प्रदीप सिंह, संदीप सिंह आदि मौजूद थे।




## खबर संक्षेप

### पैरोल पर छूटा कैदी नहीं लौटा जेल, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** पैरोल में छुटे कैदी के तय समय पर जेल वापस नहीं लौटने पर पुलिस ने उसके खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया कि मुंगेली फास्टरपुर निवासी निरंजन सत्यम (28 साल) पाक्सो एक्ट के मामले में केन्द्रीय जेल में सजा काट रहा है। वह 14 दिन के पैरोल में जेल से रिहा हुआ था। तय समय पर वह जेल वापस नहीं लौटा है। जेलप्रहरी श्रीधर कुमार ध्रुव ने कैदी के भाग जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट पर कैदी के खिलाफ बीएनएस की धारा 262 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सीएम हेल्पलाइन के आवेदक से सीधी बात

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पीएमओ पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, सीजी ग्रिवांस, मुख्यमंत्री घोषणाओं तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए बिरकोना के राजेंद्र साहू से स्वयं फोन पर चर्चा की। उन्हें आश्वस्त करते हुए उनकी शिकायत की जानकारी ली। श्री साहू ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत दिए गए आवेदन पर कार्रवाई की जानकारी चाही थी। कलेक्टर ने बताया कि योजना का पोर्टल वर्तमान में बंद है तथा पोर्टल प्रारंभ होते ही नियमानुसार कार्रवाई कर उन्हें योजना का लाभ दिलाया जाएगा। इस पर आवेदक ने संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने आगामी स्कूल प्रवेश उत्सव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में उत्साहपूर्वक प्रवेश उत्सव आयोजित किया जाए तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। आरटीई के तहत प्रवेश प्राप्त बच्चों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न किया जाए। स्कूली बसों की जांच तथा निजी विद्यालयों में शासन के नियमों के पालन पर भी विशेष जोर दिया गया। सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष लगभग 27 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने शेष लगभग 12 हजार लंबित आवेदनों का निराकरण एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश दिए।

### कर्मचारियों से हेलमेट पहनने की अपील

**बिलासपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा हेलमेट उपयोग को बढ़ावा देने की पहल की गई है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को पत्र जारी कर दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने को अनिवार्य रूप से प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सड़क दुर्घटनाएं केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित करती हैं। जिले में पिछले वर्ष लगभग 300 लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु हुई थी। इनमें कई ऐसे मामले भी सामने आए, जिन्हें यातायात नियमों के पालन और सुरक्षा उपाय अपनाकर टाला जा सकता था। मोटर यान अधिनियम 1988 के तहत दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। कलेक्टर ने विभाग प्रमुखों से कहा है कि वे अपने कार्यालयों में आने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें।

### मस्तूरी के 7 जलाशयों में होगा मत्स्य पालन

**बिलासपुर।** मस्तूरी जनपद क्षेत्र के विभिन्न जलाशयों एवं तालाबों का 10 वर्षीय पट्टा आवंटन किया जा रहा है। इच्छुक पात्र आवेदकों से 25 जून 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जनपद पंचायत मस्तूरी द्वारा जारी सूचना के अनुसार रामअवतार, फूटहा मुड़ा, बंधवा, जेतपुरी, सेमराडीह, मोंगरा एवं चिरसा जलाशयों का पट्टा मत्स्य पालन हेतु निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रदान किया जाएगा। पट्टा आवंटन की प्रक्रिया छत्तीसगढ़ आदर्श मत्स्य पालन नियम, 2022 के प्रावधानों के अनुरूप संपादित की जाएगी।

---

**बिजली दर में बढ़ोतरी** | **विभाग के अधिकारी वसूली छोड़ मेंटनेंस में जुटे**

# बिजली बिल के बड़े बकायादार करोड़ों दबाए बैठे, आम लोगों को लगेगा झटका

**बिलासपुर।** नियामक आयोग के निर्णय के बाद 1 जुलाई से बिजली टैरिफ में बढ़ोत्तरी तय है, लेकिन इससे आम लोगों की जेब ही कटेगी। दरअसल निजी लोगों की वसूली के लिए ही विभाग कड़ाई बरतता है और दो माह की बिल नहीं पटने पर स्मार्ट मीटर से डायरेक्टर कनेक्शन काटे जाते है, वहीं करोड़ों रूपए की बकाया के बाद भी सरकारी संस्थाओं और व्यापारियों के लिए बिल पटाना अभयदान है।

टैरिफ बढ़ने के साथ ही बिजली बिल में बढ़ोत्तरी होगी, जहां आम उपभोक्ता बिल की तारीख आते ही भुगतान करने में अपनी समझदारी दिखाता है वहीं जिले में ऐसे कई उपभोक्ता है जिन्होंने सालों से भुगतान नहीं किया है लेकिन बिजली अधिकारी महज उन्हें नोटिस देकर काम चला रहे है। बिजली विभाग में 3 करोड़ 57 लाख रूपए का बकाया है। पूर्वी और पश्चिमी डिवीजन के अंतर्गत सरकारी विभागों में सबसे बड़े बकायादार बैठे है, जिन्हें भुगतान के लिए मार्च का इंतजार करना होता है, लेकिन ऐसे व्यापारी और संस्थान है, जिन्हें वसूली करना विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन चुकी है। पूर्वी डिवीजन के अंतर्गत सरकारी संस्थानों से 171 करोड़ 18 लाख की वसूली की जानी है, वहीं निजी उपभोक्ताओं के महज 13 करोड़ 85 लाख बकाया है। इसी प्रकार पश्चिमी डिवीजन में 152 करोड़ 38 लाख रूपए सरकारी संस्थान के बकाया है और 20 करोड़ 10 लाख रूपए निजी उपभोक्तओं से वसूली किया जाना है।

आंकड़े बताते है कि विभाग को सबसे ज्यादा नुकसान सरकारी कार्यालय से उठाना पड़ रहा है। निजी उपभोक्ताओं से वसूली कुछ हद तक सुधरी है, दरअसल स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उपभोक्ताओं के बकाया राशि पर महज दो माह में ही कनेक्शन कट रहे है, जिससे बकाया वसूली तत्काल हो रही है, लेकिन बड़े व्यापारी और संस्थानों के लाख रूपए तक के बकाया पर कार्रवाई नहीं हो सकी है।

### कई राज्यों ने बंद किए स्मार्ट मीटर

खास बात यह है कि स्मार्ट मीटर में अधिक बिलिंग की शिकायत शुरूआत से ही उपभोक्ताओं द्वारा की जा रही है लेकिन बिजली विभाग यह बात मानने को तैयार नहीं है। मध्यप्रदेश, यूपी, गोवा, तमिलनाडु में बिजली के स्मार्ट मीटर का विरोध हो चुका है। गोवा, तमिलनाडु की हाल की सरकार ने इसे स्मार्ट मीटर परियोजना पर ही ब्रेक लगा दिया है। वहीं उत्तरप्रदेश ने प्री पेड मीटर व्यवस्था को रोक दिया है।

## उमड़ रहे बादल, बारिश के लिए अभी और इंतजार

बिलासपुर। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान बिलासपुर में दर्ज किया गया है, जहां ज्यादातर शहरों में अधिकतम तापमान में कमी आई है, वहीं बिलासपुर का तापमान सामान्य से 3 डिग्री बढ़कर 42 डिग्री पर जा पहुंचा है। वहीं पिछले दो दिनों से आसमान पर बादल उमड़ रहे है लेकिन बारिश के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है। दरअसल दक्षिण पश्चिमी मानसून की रफ्तार अचानक धीमी पड़ चुकी है, जिसके चलते प्री मानसून फुवारे के लिए भी अब तरसना पड़ रहा है। देर रात आसमान में छाए बादलों ने लोगों को राहत की उम्मीद रहती है कि अब बारिश राहत देगी लेकिन बादलों के दगाबाजी जारी है। मंगलवार की सुबह से ही तेज धूप व उमस के कारण लोगों को हाल बेहाल हो रहा है। दिनभर गर्म हवाओं और उमस ने लोगों को परेशान किया। बाजार, कार्यालय, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर लोग पसीना पोंछते नजर आए। अब लोगों की निगाहें मानसून की संभावित आमद पर टिकी हुई हैं, जिससे मौसम में राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम का मिजाज गर्म बना रहा। सूरज निकलते ही धूप का असर बढ़ने लगा और दोपहर तक सड़कों पर आवाजाही कम दिखाई दी। कामकाजी लोग जरूरी कार्यों के लिए घरों से निकले, लेकिन गर्मी और उमस के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसी बीच मंगलवार को बिलासपुर शहर का तापमान 42 डिग्री पर जा पहुंचा, जिससे प्रदेश में सर्वाधिक तापमान माना गया। शहर के बाजारों में भी दोपहर के समय अपेक्षाकृत कम भीड़ दिखाई दी, जबकि शाम ढलने के बाद लोगों की आवाजाही बढ़ी। एक दिन पहले शहर के आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा दर्ज की गई थी। वर्षा के बाद वातावरण में नमी बढ़ने से उमस का स्तर और अधिक महसूस किया गया। लोगों को उम्मीद थी कि रात में छाए बादलों का असर दिन में भी रहेगा।

---

**सिरगिट्टी व दीनदयाल कालोनी में हुई वारदात**

# 24 घंटे में दो हत्याएं, नशेड़ी युवक और महिला की हत्या से फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले 24 घंटे में शहर में हत्या की दो वारदातों से शहर में सनसनी फैल गई। सिरगिट्टी में नशेड़ी युवक की चाकू व भारी भरकम पत्थर मारकर हत्या कर दी गई वहीं दीनदयाल कॉलोनी में 62 वर्षीय पत्नी से धारदार हथियार से हमला कर दोहरे हत्याकांड के दोनों मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



मृतक।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार गणेशनगर नयापारा निवासी इरफान उर्फ बगीरा पिता रिजवान 20 साल आदतन नशेड़ी था। 15 जून की रात वह अपने दोस्त नदीम, नईम के साथ घर के पास गली में बैठे हुए थे। नशे में इरफान दोनों युवकों के साथ गाली गलौज करने लगा। इस पर दोनों युवकों ने उसके साथ मारपीट करते हुए जांघ व पेट पर चाकू से हमला किया फिर भारी भरकम पत्थर मारकर भाग गए। 16 जून की सुबह नयापारा के लोग सोकर उठे तो इरफान उर्फ बगीरा की खून से लथपथ लाश पड़ी हुई थी और पास पर खून लगा भारी भरकम दो पत्थर पड़े थे। सुबह 6 बजे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल, सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई वीपी सिंह बल के साथ मौके पर पहुंचे। इधर सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजन ने बताया कि रात में इरफान अपने दोस्त नदीम व नईम के साथ घूम रहा था। पुलिस ने दोनों के घरों में दबिश दी तो दोनों नहीं मिले।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। इनसेट में पकड़े गए आरोपी।

पुलिस ने पतासाजी कर सिरगिट्टी व चकरभाठा से दो आरोपी नदीम व नईम खान को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर दोनों ने युवक की हत्या करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 103 के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### नशे के जाल में तेजी से बढ़ रहा अपराध

सिरगिट्टी क्षेत्र में मादक पदार्थ का जाल फैलने से अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। शाम होते ही नशेड़ी आतंक मचाना शुरू कर देते हैं। फैक्ट्रियों में बाहर से आने वाले वाहनों के ड्राइवर से लूटपाट, फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों के साथ मारपीट अवैध वसूली आमबात हो गई है। एक माह के भीतर क्षेत्र में तीन हत्या की वारदात ने क्षेत्र के पुलिसिंग पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### मृतक के जेब में मिली नशीली टेबलेट

पुलिस ने शव की जांच की तो उसके जेब से नशीली टेबलेट मिली। बताया जाता है मृतक आदतन नशेड़ी था और दोनों आरोपी भी नशेड़ी हैं।

### एक माह में पांच गंभीर अपराध

- 18 मई बन्नाक चौक निवासी डीएसपी के भाई पशुपतिनाथ मिश्रा पर चाकू से हमला
- 24 मई झारखंड निवासी विनोद लिमगा की रेलवे लाइन किनारे हत्या
- 29 मई दो बच्चियों ने अनाचार
- 7 जून तिफरा बाजार चौक में केवल गिरी गोस्वामी की चाकू मारकर हत्या

### चरित्रशंका पर 60 वर्षीय पत्नी की हत्या, पति गिरफ्तार

चरित्रशंका पर 60 वर्षीय पत्नी की पति ने धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया कि मंगला दीनदयाल कालोनी संगम नगर निवासी सुमित्रा सोनवानी पति पंचूराम सोनवानी 60 साल के घर में ईट जोड़ाई का काम चल रहा था। वह अपने बेटे व बहू के साथ काम कर रही थी। शाम 4 बजे वह नहाने के लिए घर के बाथरूम जाते समय अपने पति को खाना बनाने के लिए लकड़ी फाड़ने को बोली। इसी दौरान पीछे से पति पंचूराम



मृतका।



आरोपी।

सोनवानी कत्तानुमा हथियार लेकर बाथरूम में आया और अपनी पत्नी सुमित्रा पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद पंचूराम भागने की कोशिश कर रहा था। उनके बेटे ने उसे पकड़ लिया और बाथरूम में जाकर देखा तो उनके मां की खून से लथपथ लाश पड़ी हुई थी। उसने तत्काल सिविल लाइन पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर मरच्यूरी में रखवा दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने चरित्रशंका पर पत्नी की हत्या की है। पुलिस ने आरोपी पति पंचूराम सोनवानी को गिरफ्तार कर लिया है।

---

**आरोपियों ने पिकअप लूटा**

# कबाड़ी जीजा-साला को बंधक बनाकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कबाड़ गोदाम में जीजा-साला को बंधक बनाकर मारपीट व पिकअप लूटने के मामले में पुलिस ने 6 कबाड़ियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर दो को गिरफ्तार कर लिया है।



- 6 कबाड़ियों पर जुर्म दर्ज, दो गिरफ्तार

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, गणेशनगर चुचुहियापारा निवासी सैयद प्रिंस बक्शी पिता सैयद इकराम बक्शी ने एसएसपी रजनेश सिंह से शिकायत की है।

इसमें कहा गया है कि वह सिलपहरी में छोटा कबाड़ी दुकान चलाता है। 11 जून को राहुल कबाड़ी ने उसे फोनकर काली मंदिर के पास कबाड़ी गोदाम में मिलने बुलाया। वह अपने साला के साथ वहां गया। वहां मौजूद कबाड़ियों ने उसे मजहर से कबाड़ का सामान क्यों खरीद रहा है कहकर विवाद करने लगे। इसके बाद उसके साथ हाथ मुक्का, पाइप, राड से मारपीट कर कमरे में बंद कर दो लोगों को निगरानी के लिए बिठा दिया। उसके बाद उसके दुकान में जाकर पिकअप वाहन लूटकर ले गए। यही नहीं घर जाकर अपने आपको पुलिसवाले बताकर उसके घर की तलाशी ली गई। साथ ही पत्नी को धमकाते हुए कहा गया कि पति को गांजा के मामले में जेल भेज देंगे।

आरोपियों ने फोन से पत्नी से बात भी कराई और पत्नी से 2 लाख 70 हजार रुपए लेकर आ गए। इसके बाद शाम को जीजा-साला को छोड़ा गया।

एसएसपी श्री सिंह के निर्देश पर पुलिस ने सैयद प्रिंस बक्शी की रिपोर्ट पर कबाड़ी फिरोज, रोहित, राहुल, रितिक, सफीर, तौसिफ के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 127, 2, 296, 3, 5, 308, 2, 39, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर फिरोज व सफीर खान को गिरफ्तार कर लिया है।

---

**आईजी ने एएसपी को दिया जांच का आदेश**

# 90 लाख की संपत्ती हड़पने के मामले में थमाया फैना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आईजी ने बुजूर्ग महिला से अंगूठा लगवाकर 90 लाख की संपत्ती हड़पने के मामले में कोर्ट जाने फैना थमाने व देरी से एफआईआर दर्ज करने पर एडीशनल एसपी को जांच कर प्रतिवेदन मांगा है। एडीशनल एसपी ने कोटा एसडीओपी व पूर्व चौकी प्रभारी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

- एसडीओपी, बेलगहना चौकी प्रभारी को नोटिस जारी कर मांगा गया स्पष्टीकरण

ज्ञात हो कि बेलगहना चौकी क्षेत्र के कृष्णानगर निवासी बालकुंवर बसोर पति स्व. गंगाराम बसोर 86 साल से रिश्तेदार फगुन प्रजापति ने 14 दिसंबर 2021 को बैंक में केवाईसी कराना है कहकर कागजों में अंगूठा लगवा लिया। साथ ही उनके बैंक खाते से 23 लाख रुपए, जमीन, वाहन सहित 90 लाख रुपए की संपत्ती हड़प ली थी। पीड़ित बुजूर्ग महिला रिपोर्ट लिखाने के लिए बेलगहना चौकी चक्कर लगा रही थी। उनसे शिकायत लेकर जांच करने के बाद कोर्ट जाने की सलाह देते हुए फैना थमा दिया गया था। पीड़िता ने आईजी रामगोपल गर्ग से लिखित शिकायत पर न्याय की गुहार लगाई। उसके बाद 13 जून को बेलगहना चौकी में उनकी रिपोर्ट पर फगुन प्रजापति के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज किया गया था। आईजी ने एडीशनल एसपी ग्रामीण मधुलिका सिंह को पुरे मामले की जांच कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। एएसपी श्रीमती सिंह ने एसडीओपी कोटा नुपूर उपाध्याय, पूर्व चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर को नोटिस जारी कर बुजूर्ग महिला को रिपोर्ट लिखाने के लिए घूमाने व कोर्ट जाने के लिए फैना देने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही पुलिस बुजूर्ग महिला की जमीन की रजिस्ट्री को शून्य कराने के प्रयास में लग गई है। एडीशनल एसपी श्रीमती सिंह ने कहा है कि कोटा एसडीओपी व पूर्व चौकी प्रभारी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

---

# महिला पर चाकू से जानलेवा हमला

**बिलासपुर।** मस्तूरी टिकारी में बीच बाजार गुपचुप बेचने वाली महिला पर एक युवक ने चाकू से ताबड़तोड़ जान लेवा हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दूसरे दिन भी पुलिस चाकूबाज को नहीं पकड़ पाई है।

मस्तूरी पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक महिला गुपचुप ठेला कर जीवन यापन करती है। उनकी जान पहचान तोरवा निवासी संदीप खरे पिता रामकिशुन खरे थी और बातचीत करते थे। 15 जून को संदीप खरे ने उन्हें फोन किया जिससे महिला ने बात नहीं करना है कहकर फोन काट दी। शाम 7.30 बजे वह टिकारी बस स्टैण्ड में ठेला

- दूसरे दिन भी चाकूबाज को नहीं पकड़ पाई पुलिस

लगाकर गुपचुप बेच रही थी। इसी दौरान संदीप खरे वहां आया और बात नहीं कर रही हो कहकर गाली गलौज करने लगा। उन्होंने गाली देने से मना किया तो संदीप उनके साथ मारपीट करते हुए चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। महिला के चिखने चिल्लाने पर घरवाले आए तो संदीप वहां से भाग निकला। चाकू के हमले से महिला के दोनों हाथ, पेट, गले में गंभीर चोट आई है। घायल महिला को इलाज के लिए मस्तूरी स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया गया। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर हमलावर संदीप खरे के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 118, 1, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस दूसरे दिन भी चाकूबाज आरोपी को नहीं पकड़ पाई है।

# खूंटाघाट पुल पर विवाद, ट्रेलर चालक से जमकर मारपीट, अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** दीपका-बिलासपुर हाइवे 130 पर खूंटाघाट पुल के पास सोमवार रात करीब 10 बजे एक सड़क विवाद में ट्रेलर चालक के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। रतनपुर पुलिस ने मामले में तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक दीपिका निवासी पीडित अशरफ अंसारी केके इंटरप्राइजेज कंपनी में ट्रेलर चालक है। सोमवार रात वह बिलासपुर से कोयला खाली कर दीपिका लौट रहा था। खूंटाघाट पुल के पास उसकी कंपनी का दूसरा ट्रेलर डिवाइडर में फंसा हुआ था। चालक गाड़ी खड़ी कर जब साथी की मदद करने पहुंचा तभी वहां थार में सवार तीन अज्ञात व्यक्ति पहुंचे। तीनों ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज करते हुए लोहे की रॉड, बेल्ट और लात घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। घटना में चालक को गंभीर चोटे आई है। रतनपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ न्याय संहिता के धराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

**रेस्पिरेटरी मेडिसीन विभाग ने शुरू किया उपचार, ब्रोंकोस्कोपी से पकड़ में आई बीमारी**

# रहस्यमयी बुखार से पीड़ित थी युवती, सिम्स के डाक्टरों ने किया इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कई निजी अस्पतालों एवं जिला अस्पताल में उपचार से हताश युवती कुछ दिन पहले ही सिम्स अस्पताल पहुंची थी। लगातार बुखार, कमजोरी एवं रात में अत्यधिक पसीना आने जैसी गंभीर समस्याओं पीड़ित युवती सिम्स अस्पताल के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग से मुलाकात की। इस दौरान उसे बीमारी का अंदाजा नहीं था, सिम्स के ब्रोंकोस्कोपी जांच में डाक्टरों को टीबी के लक्षण मिले, जिसके बाद उसका इलाज संभव हो सका है।

गोंडपारा निवासी 24 वर्षीय युवती 12 जून को सिम्स के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग की ओपीडी में पहुंची। मरीज की जांच डॉ. प्रतीक कुमार, प्रोफेसर, डॉ. अनिल कुमार डनसेना द्वारा ब्रोंकोस्कोपी कराया गया। प्रारंभिक परीक्षण में मरीज ने डाक्टरों को बताया कि एक साल से लगातार बुखार, कमजोरी और रात में अत्यधिक पसीना आने जैसी समस्याओं से पीड़ित है। कई निजी अस्पतालों में इलाज कराने के बाद भी उसकी हालत में सुधार नहीं हो रहा था, डाक्टरों ने एक्स-रे एवं सीटी स्केन जांच कराई, फेफड़ों के विभिन्न हिस्सों में निमोनिया के लक्षण दिखाई दिए। बीमारी के कारणों की पुष्टि के लिए बलगम की जांच कराई



गई, लेकिन रिपोर्ट निगेटिव आई। इसके बाद विशेषज्ञों ने ब्रांकोस्कोपी करने का निर्णय लिया। दूरबीन आधारित आधुनिक जांच प्रक्रिया के माध्यम से फेफड़ों के प्रभावित हिस्सों की गहन जांच की गई और सीबीनाट जांच कराई गई, जिसमें जांच रिपोर्ट में टीबी की पुष्टि हुई। बीमारी की सही पहचान होने के बाद तत्काल उपचार शुरू कर दिया है।

### टीबी जनस्वास्थ्य चुनौती

टीबी देश में एक महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य चुनौती है। कई बार बीमारी की जड़ पकड़ में नहीं आती है, जिससे मरीज अंजान ही रहता है। सिम्स के ब्रांकोस्कोपी एवं सीबीनाट जैसी उन्नत जांच तकनीक से रोग की पहचान सिद्ध होती हैं। समय रहते मरीजों को गंभीर जटिलताओं से बचाया जा सकता है।

-डॉ रमणेश मूर्ति, डीन

### विशेषज्ञ डाक्टरों से लें परामर्श

लंबे समय तक बुखार, कमजोरी, वजन घटना, लगातार खांसी या रात में पसीना आने जैसी शिकायते को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। टीबी सहित कई गंभीर बीमारियों के संकेत हो सकते हैं। समय पर विशेषज्ञ डाक्टर से परामर्श एवं आवश्यक जांच कराने से बीमारी का शीघ्र निदान और सफल उपचार संभव है।

-डॉ लखन सिंह, अधीक्षक

### योग दिवस की तैयारियां तेज, कलेक्टर ने ली बैठक

**बिलासपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को बी.आर. यादव स्मृति राज्य स्तरीय खेल परिसर, बहतराई स्थित इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रातः 7 बजे से सामूहिक योगाभ्यास, योग आसनों का प्रदर्शन तथा स्वास्थ्य एवं जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज मंथन सभा कक्ष में कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152